दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 08 | टोंक | शुक्रवार,09 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष पंचमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

लोकसभा में हंगामे के बीच वक्फ बिल पेश, विपक्ष ने किया विरोध

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। संसद में बुधवार का दिन काफी हंगामेदार रहा। जहां लोकसभा में वक्फ बिल को लेकर विपक्ष सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावार रहा। तो वहीं दूसरी ओर सरकार ने साफ तौर पर कहा कि उसका मकसद इस बिल के जरिए पारदर्शिता लाना है। यह बिल किसी के खिलाफ नहीं है। सरकार ने वक्फ संशोधन विधेयक को संसद की संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की सिफारिश की। वहीं, वायुयान विधेयक पेश किया गया। दूसरी ओर राज्यसभा में भी गुरुवार को विनेश फोगाट मामले को लेकर हंगामा देखने को मिला। वहीं, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ इतने नाराज हो गए कि वह कुर्सी छोड़कर चले गए। सौगत रॉय ने किया कंगना को थप्पड़ मारे जाने का जिक्र कर दिया।

लोकसभा की कार्यवाही

- केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतवार को लोकसभा में वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक पेश किया और फिर इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव दिया। रीजीजू ने सदन में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024' को पेश किया और विभिन्न दलों की मांग के अनुसार विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव किया। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का पुरजोर विरोध किया और कहा कि यह संविधान, संघवाद और अल्पसंख्यकों पर हमला है। विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि विधेयक में किसी धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है तथा संविधान के किसी भी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं किया गया है।
- कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल ने कहा कि यह विधेयक संविधान पर हमला है। तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि यह विधेयक अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है तथा असंवैधानिक है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह बहुत सोची समझी राजनीति के तहत हो रहा है। उन्होंने कहा कि विधेयक में सारी ताकत जिला अधिकारी को देने की बात की गई है और सबको पता है कि एक जगह एक जिलाधिकारी ने क्या किया था।
- भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने बृहस्पतिवार को सरकार से अनुरोध किया कि झारखंड में सत्तारूढ़ कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए दबाव बनाया जाए। लोकसभा में शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए झारखंड के गोड्डा से सांसद दुबे ने दावा किया कि देश के विभिन्न राज्यों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, जबकि झारखंड में इस वर्ग को केवल 14 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है।

- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के दो प्रमुख घटक दलों जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि इससे वक्फ से जुड़ी संस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। हालांकि, तेदेपा ने कहा कि इस विधेयक पर व्यापक विचार-विमर्श के लिए इसे संसदीय समिति के पास भेजा जाना चाहिए। जद(यू) के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने लोकसभा में कहा, ''कई (विपक्षी) सदस्यों की बातों से लग रहा है कि यह विधेयक मुसलमान विरोधी है। यह कैसे मुसलमान विरोधी है?''
- तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के कार्यों की सराहना करते हुए लोकसभा में कहा कि अगर सरकार के सभी मंत्री उनकी तरह हो जाएं तो देश का उद्धार हो जाएगा। आजाद ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछते हुए यह टिप्पणी की।

राज्यसभा की कार्यवाही

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराये जाने के मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग को राज्यसभा में आसन की ओर से खारिज किए जाने के बाद विपक्ष ने बृहस्पतिवार को उच्च सदन से बहिर्गमन किया। इस दौरान विपक्ष के कुछ सदस्यों के अमर्यादित आचरण से दुखी होकर सभापति जगदीप धनखड़ यह कहते हुए आसन छोड़कर चले गए कि वह कुछ समय के लिए आसन पर बैठने में खुद को सक्षम नहीं पा रहे हैं।

राज्यसभा में कांग्रेस के एक सदस्य ने आम बजट 2024-25 में मध्यम वर्ग की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज स्थिति यह हो गयी है कि मध्यम वर्ग के नौकरी पेशा लोग कार्पोरेट क्षेत्र की तुलना में अधिक कर दे रहे हैं। उच्च सदन में वित्त विधेयक 2024-25 और जम्मू कश्मीर से संबंधित वित्त विधेयक पर संयुक्त चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस के विवेक तन्खा ने कहा कि कोई भी बजट बुरा या अच्छा नहीं होता बल्कि उसमें कुछ हिस्से अच्छे एवं कुछ बुरे होते हैं। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) सदस्य संजय सिंह ने सरकार पर हमला बोलते हुए दावा किया कि किसानों व छात्रों के ऋण माफ करने तथा पुरानी पेंशन व्यवस्था शुरू करने के लिए केंद्र के पास पैसे नहीं हैं लेकिन उसने 43 कंपनियों के 3,53,000 करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिए।

राजस्थान में चांदीपुरा वायरस का एक केस मिला : भीलवाड़ा के शाहपुरा की 2 साल की बच्ची मिली पॉजिटिव; अब तक 3 केस मिले

जयपुर। राजस्थान में चांदीपुरा वायरस का एक और केस मिला है। भीलवाड़ा के शाहपुरा की 2 साल की बच्ची इस वायरस की चपेट में आई है। बच्ची फिलहाल गुजरात के अहमदाबाद स्थित हॉस्पिटल में भर्ती है। राजस्थान में पिछले एक माह में ये तीसरा केस इस वायरस का मिला है। हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान से जारी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों भेजे गए सैंपल में से एक की रिपोर्ट बुधवार शाम को पॉजिटिव आई है। अभी भी एनआईवी पुणे में 118 सैंपल भेज रखे है, जिनकी रिपोर्ट आना बाकी है। इससे पहले डूंगरपुर और उदयपुर में भी एक-एक पॉजिटिव केस आ चुका है। हालांकि इस वायरस से ग्रसित सभी बच्चे अभी ठीक हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वायरस के सबसे ज्यादा केस गुजरात, महाराष्ट्र में मिल रहे हैं। इस केस से ग्रसित मरीजों में मोर्टेलिटी रेट 20 फीसदी से ज्यादा है। गुजरात से सटे इलाकों में विशेष निगरानी के निर्देश-पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग ने इस वायरस को लेकर अलग से गाइडलाइन भी जारी की थी। इसमें गुजरात राज्य के सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे।

एस जयशंकर को ब्रिटिश विदेश मंत्री ने किया फोन, बांग्लादेश की स्थिति समेत इन मुद्दों पर हुई बात

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम पर ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से बात की है। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना सरकार गिर गई थी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि हसीना, जो इस समय भारत में हैं, ब्रिटेन में राजनीतिक शरण मांग रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री ने कुछ घंटे पहले ही विदेश सचिव डेविड लैमी से बातचीत की थी। दोनों नेताओं ने बांग्लादेश और पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर बात की।

अभी तक न तो भारत सरकार और न ही ब्रिटेन ने हसीना की भविष्य की योजनाओं पर कोई टिप्पणी की है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि देश के आव्रजन नियम किसी व्यक्ति को शरण लेने के लिए ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति नहीं देते हैं।

दिल्ली पुलिस ने सड़कों पर आतंकियों के पोस्टर लगाए

सभी खालिस्तान-अलकायदा से जुड़े, पुलिस बोली- स्वतंत्रता दिवस से पहले लोगों को अलर्ट करना जरूरी

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। 78वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के चलते राजधानी दिल्ली में पुलिस समेत अन्य सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं। गुरुवार (8 अगस्त) को दिल्ली पुलिस के जवानों ने खान मार्केट के पास अलकायदा और खालिस्तान से जुड़े आतंकियों के पोस्टर लगाए हैं। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को दिल्ली स्थित लाल किले से प्रधानमंत्री देश के नाम संबोधन देंगे। यह स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाला देश का सबसे बड़ा कार्यक्रम माना जाता है। ऐसे में सुरक्षाबल राजधानी के चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी रख रही है। सुरक्षा में जुटी पुलिस ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के चलते सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। ऐसे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए आतंकियों को पोस्टर लगाए जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस के कमिश्नर संजय अरोड़ा ने बुधवार (7 अगस्त) को बांग्लादेश में चल रहे राजनीतिक संकट के चलते पुलिस अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

भारतीय हॉकी टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

52 साल बाद भारत ने लगातार 2 पदक जीते

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। ओलंपिक 2024 में भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। टीम इंडिया की ओर से दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए। वहीं भारत ने ओलंपिक्स में लगातार दूसरी बार ब्रॉन्ज मेडल जीता है। जबकि भारत की झोली में ये चौथा मेडल आया है।

पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। टीम इंडिया की ओर से दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए। वहीं भारत ने ओलंपिक्स में लगातार दूसरी बार ब्रॉन्ज मेडल जीता है। जबकि भारत की झोली में ये चौथा मेडल आया है। इसके साथ ही भारतीय हॉकी टीम ने अपने गोलकीपर पीआर श्रीजेश को ब्रॉन्ज मेडल के साथ बेहतरीन विदाई दी है। बता दें कि, ये श्रीजेश के करियर का आखिरी मैच था। बता दें कि, इससे पहले टोक्यो ओलंपिक 2020 में भी भारत ने हॉकी में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। हॉकी में ओलंपिक में भारत का ये 13वां मेडल है। 52 साल बाद भारतीय हॉकी टीम ने पहली बार लगातार दूसरा मेडल जीता है। इस ऐतिहासिक मुकाबले में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल दागे, ये कारनामा उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किया।

ओलिंपिक में हॉकी का 13वां मेडल जीता

भारतीय टीम ने ओलिंपिक गेम्स में हॉकी में 13वां मेडल जीता है। यह टीम का चौथा ब्रॉन्ज मेडल है। इससे पहले टीम 8 गोल्ड और एक सिल्वर जीत चुकी है।

52 साल बाद लगातार दो ओलिंपिक में हॉकी मेडल

भारत ने 52 साल बाद लगातार दो ओलिंपिक गेम्स में हॉकी का ब्रॉन्ज जीता है। इससे पहले भारतीय हॉकी टीम ने 1968 और 1972 के ओलिंपिक में लगातार दो मेडल जीते थे।

अजित बोले- सीएम पद मिलता तो पूरी एनसीपी ले आता

बढ़ता राजस्थान

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम अजित पवार ने बुधवार (7 अगस्त) को कहा कि अगर भाजपा और शिवसेना ने उन्हें मुख्यमंत्री पद ऑफर किया होता तो वे पूरी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को साथ ले आते। पवार ने यह भी कहा कि राजनीति में वे शिंदे और देवेंद्र फडणवीस दोनों से सीनियर हैं। अजित ने यह बात सीएम शिंदे की जीवनी योद्धा कर्मयोगी - एकनाथ संभाजी शिंदे के विमोचन के दौरान कही। ठाणे में हुए बुक लॉन्च इवेंट में सीएम शिंदे और देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। अजित पवार ने जुलाई 2023 में अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत की थी।

जिसके बाद एनसीपी टूट गई और वे 40 विधायकों के साथ भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) सरकार में शामिल हो गए। एनसीपी चीफ पवार अक्सर राज्य का मुख्यमंत्री बनने की अपनी तमन्ना जाहिर करते रहे हैं। इस बार उन्होंने कहा- फडणवीस पहली बार 1999 में और शिंदे 2004 में विधायक बने थे, जबकि मैं पहली बार 1990 में विधायक बन गया था। फडणवीस ने दो बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं। पहली बार 2014 से 2019 तक और दूसरी बार 2019 में 72 घंटों के लिए जब अजित पवार ने अल्पकालिक गठबंधन सरकार में उनके साथ हाथ मिलाया था।

तीसरी बार के भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा का निधन

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर। सलूंबर से लगातार तीन बार के भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा (65) का बुधवार देर रात उदयपुर में निधन हो गया। मीणा को तबीयत बिगड़ने पर रात करीब 1:15 बजे एमबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। रात 2 बजे डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अमृतलाल की आदिवासी नेता के तौर पर भी पहचान थी। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति साफ होगी।

गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे उनकी पार्थिव देह उदयपुर से उनके पैतृक गांव लालपुरिया (सलूंबर) लाई गई। यहां पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। मीणा का अंतिम संस्कार गांव लालपुरिया में किया गया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने लालपुरिया स्थित अमृतलाल मीणा के घर पहुंचकर उनकी पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित किए। इससे पहले दोपहर करीब डेढ़ बजे उनकी पार्थिव देह को सलूंबर के डाक बंगला में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। जहां लोगों ने उन्हें पुष्पांजलि दी। एमबी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आर.एल. सुमन ने बताया- बुधवार रात को करीब सवा एक बजे उन्हें हॉस्पिटल की इमरजेंसी में लेकर आए थे। तब कोई धड़कन नहीं थी, कोई सांस नहीं थी। इसके बाद भी काफी कोशिश की थी।

सीएम बोले- ये अपूरणीय क्षति

राजस्थान विधानसभा में 200 विधायक एक साथ नहीं रहने का संयोग लंबे समय से चल रहा है। किसी न किसी वजह से ऐसा हुआ है जब यह संख्या पूरी नहीं रही। कभी विधायकों के निधन, कभी इस्तीफे या कभी जेल जाने के कारण 200 विधायक एक साथ नहीं रहे।

20 साल राजनीति में सक्रिय रहे

सलंबूर जिले के लालपुरिया गांव में साल 1959 में जन्मे अमृतलाल मीणा करीब 20 साल राजनीति में सक्रिय रहे। मीणा ने साल 2004 में पंचायत समिति सराड़ा के सदस्य के तौर पर राजनीति की शुरुआत की थी। उसके बाद साल 2007-10 तक जिला परिषद उदयपुर के सदस्य और 2010 में पंचायत समिति सराड़ा में प्रतिपक्ष नेता बने। वे पहली विधायक विधायक साल 2013 में चुने गए। उन्होंने कांग्रेस की बसंती देवी मीणा को हराया था।उसके बाद 2018 और 2023 में कांग्रेस दिग्गज नेता रघुवीर सिंह मीणा को हराकर विधानसभा पहुंचे।

अमृतलाल राजस्थान विधानसभा में प्राक्कलन समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति, विशेषाधिकार समिति और अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति के सदस्य रहे।

नाबालिग के रेपिस्ट को 20 साल कठोर कारावास की सजा:2 लाख 5 हजार का जुर्माना भी लगाया

बढ़ता राजस्थान

टोंक। टोंक जिले के दतवास थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ रेप कर उसे प्रेग्नेंट करने के मामले में गुरुवार को पॉक्सो कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने दोषी युवक को 20 साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 2 लाख 5 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ठ लोक अभियोजक मोहम्मद मियां गुलजार ने बताया कि दतवास थाना क्षेत्र में 15 साल की पीड़िता ने अपने पिता के साथ पहुंचकर 9 नवंबर 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसमें बताया गया था कि पीड़िता को दो-तीन साल से आरोपी सीताराम बहला-फुसलाकर रेप करता रहा। विरोध करने पर पीड़िता और उसके परिवार वालों को मारने की धमकी देता था। इससे पीड़िता इतनी डर गई कि उसने कई महीनों तक परिवार वालों को कुछ भी नहीं बताया।

डरा-धमाकर करता था रेप

जब भी पीड़िता किसी काम से बाहर जाती तो सीताराम उसे डरा-धमाकर उसके साथ रेप करता था। इससे वह गर्भवती हो गई। इसका पता उसे और परिजनों को उसका जोरदार पेट दर्द होने पर अस्पताल में जांच करवाने पर चला। उस दौरान वह करीब 5 माह की गर्भवती पाई गई। पुलिस ने दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान के दौरान नाबालिग पीड़िता ने बयान दर्ज किए। फिर सीताराम गुर्जर पुत्र मोती लाल गुर्जर (28) निवासी श्रीपुरा थाना दत्तवास को दोषी मानते हुए दत्तवास पुलिस ने आरोपी सीताराम के खिलाफ 17 अप्रैल 2023 को न्यायालय में चालान पेश किया गया।

सम्पादकीय

लचीले राजकोषीय लक्ष्य की सीमाएं

राजकोषीय मजबूती को लेकर केंद्र सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता का वित्तीय बाजारों और अर्थशास्त्रियों ने स्वागत किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई में पेश सालाना बजट में ऐलान किया है कि सरकार मौजूदा वर्ष में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.9 फीसदी तक रखने का लक्ष्य रखेगी, जबकि अंतरिम बजट में इसके 5.1 फीसदी तक रहने का अनुमान लगाया गया था। यही नहीं, सरकार वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.5 फीसदी तक सीमित रखने की दिशा में आगे बढ़ रही है, यह एक ऐसा लक्ष्य है जो तब तो काफी मुश्किल लग रहा था जब साल 2021 में पहली बार इसका ऐलान किया गया था। लेकिन हाल के वर्षों में सरकार के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए यह अपेक्षा की जा रही थी कि वह 2025-26 से आगे का भी खाका पेश करेगी। वैसे तो सरकार ने 2025-26 के बाद अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण की एक व्यापक रूपरेखा पेश की है, लेकिन उससे थोड़ी ज्यादा स्पष्टता की दरकार है। इससे निवेशकों, खास तौर पर लंबी अवधि के निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा था, '2026-27 के बाद हमारी यह कोशिश रहेगी कि हर साल राजकोषीय घाटे को इस स्तर तक रखा जाए जिससे जीडीपी के प्रतिशत हिस्से के रूप में केंद्र सरकार का कर्ज घटता रहे।'

बजट के बाद मीडिया से संवाद में वित्त मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने यह संकेत दिया कि राजकोषीय घाटा, जिसे कि कर्ज को नीचे की ओर ले जाते हुए सहारा दिया जा सकता है, जीडीपी के 3 फीसदी से ज्यादा रखा जा सकता है, जैसा कि राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम में प्रावधान किया गया है। यह भी संकेत दिया गया कि सरकार सालाना निश्चित राजकोषीय घाटे के लक्ष्य की जगह लक्ष्य का एक दायरा तय कर सकती है। इस संदर्भ में तीन ऐसे व्यापक मसले हैं, जिन पर सरकार को ध्यान देना होगा। पहला, सरकार को यह बताना चाहिए कि वह अगले वर्षों में, उदाहरण के लिए पांच साल में, ऋण में कितना कमी लाना चाहती है। मौजूदा साल में केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी के 56.8 फीसदी तक रहने का अनुमान है, जो कि 2023-24 में 58.1 फीसदी था। इसे और घटाते हुए जीडीपी के 40 फीसदी तक लाने में काफी लंबा समय लगेगा, जैसा कि एफआरबीएम ढांचे में सुझाव दिया गया है। मध्यम अवधि के लिए एक स्पष्ट ऋण लक्ष्य से यह तय करने में भी मदद मिलेगी कि सरकार एक निश्चित अवधि में राजकोषीय घाटे का कितना स्तर बनाए रख सकती है। दूसरा, राजकोषीय घाटे का लक्ष्य दायरा करने में समस्या यह है कि ऊपरी छोर, या ऊपरी छोर के निकट का स्तर ही वास्तविक लक्ष्य बन सकता है। इस संबंध में यह भी अहम होगा कि इस दायरे की सीमा या आयाम तय किया जाए। एक विस्तृत दायरा स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े करेगा। बजट पर हमेशा कई तरह की मांगों का दबाव होता है और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई कोई भी सरकार नागरिकों की हर जरूरत को यथासंभव तरीके से पूरा करना चाहेगी।

कितनी बार अपने ही संस्थापक बंगबंधु को मारेगा बांग्लादेश

राजधानी दिल्ली में निर्वासित जीवन जी रही तस्लीमा नसरीन ने अपने उपन्यास 'लज्जा' में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की दर्दनाक स्थिति पर विस्तार से लिखा है। इसलिए ही उनकी जान के भी दुश्मन हो गए थे कठमुल्ले। मुझसे एक-दो बार तस्लीमा मिलने क्या आ गईं कि मुझे भी सलाहपूर्ण धमकियों भरे कॉल आने लगे थे। उसी विरोध के कारण तसलीमा को भी अंततः अपनी मातृभूमि बांग्लादेश सदा के लिये छोड़ना पड़ा था। तस्लीमा नसरीन का उपन्यास 'लज्जा'1993 में पहली बार प्रकाशित हुआ था। वह लज्जा में साम्प्रदायिक उन्माद के नृशंस रूप को सामने लाती है।

आर.के. सिन्हा

शेख हसीना का इस्तीफा बांग्लादेश के लिए एक दुखद अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उतनी ही दुखद वे तमाम छवियां है, जिन्हें आज सारी दुनिया टेलीविजन पर देख रही है। इनमें सैकड़ों लोग बांग्लादेश के संस्थापक और शेख हसीना के पिता बंगबंधु शेख मुजीब उर रहमान की मूरत पर चढ़कर उसे हथौड़े मारकर तोड़ रहे हैं। जिस बंगबंधु की कुर्बानियों के चलते बांग्लादेश का 1971 में स्वतंत्रता संग्राम के बाद जन्म हुआ था, उनकी तस्वीरों और मूरत को तोड़ा और फाड़ा जा रहा है। और पूरी दुनिया ने इसे देख रही है। मैं तो उन चन्द युद्ध संवाददाताओं में एक था जिसने बांग्लादेश के 'राष्ट्रपिता' कहे जाने वाले स्वतंत्रता संग्राम के नेता शेख़ मुजीब के पराक्रम, चमत्कार और करिश्माई नेतृत्व को मुक्ति वाहिनी के संघर्ष से लेकर भारत- पाक के युद्ध के बाद बाँग्लादेश की स्वतंत्रता तक नज़दीकी से देखा है। फिर यह भी देखा है कि 1975 में किस तरह उनके परिवार के अधिकांश सदस्यों (विदेश में रह रही हसीना बच गई थीं) की क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी गई थी। अब उनकी बेटी और बांग्लादेश को प्रगति के रास्ते पर लेकर जाने वाली शेख हसीना को भी निर्वाचित प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए भी मजबूर होना पड़ा। उन्हें देश छोड़ने के लिये मात्र 45 मिनट का अल्टीमेटम दिया गया था, जिसके बाद देश फिर से सेना के पूर्ण नियंत्रण में आ गया है। सेना प्रमुख, जनरल वाकर-उज-जमान, जो इस साल 23 जून से पद पर हैं, ने एक अंतरिम सरकार का वादा किया है। लेकिन , इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि आदेश कौन देगा। उन्होंने विपक्षी दलों से बात की है। उ

न्होंने शेख हसीना की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी, पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को रिहा कर दिया है। खालिदा जिया के प्रधानमंत्रित्व काल में बांग्लादेश इस्लामी आतंकवाद का केंद्र बन गया था। खालिदा जिया घनघोर भारत विरोधी रहीं हैं । खालिदा जिया की रिहाई से भारत की विदेश नीति को तय करने वाले चिंतित जरूर होंगे। खालिदा जिया जब अपने देश की प्रधानमंत्री थीं तब वहां टाटा ग्रुप की इनवेस्टमेंट करने की योजना का कसकर विरोध हुआ था। उसे हवा खालिदा की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी(बीएनपी) ही दे रही थी। टाटा ग्रुप की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से की जा रही थी। टाटा ग्रुप को ईस्ट इंडिया कंपनी जैसा बताने वाले भूल गए थे कि टाटा ग्रुप भारत से बाहर दर्जनों देशों में स्वच्छ, स्वस्थ और पारदर्शिता पूर्ण कारोबार करता है। वहां पर तो उस पर कभी कोई आरोप नहीं लगाता।शेख हसीना सरकार का तख्ता पलटने के साथ ही वहां जमाते ए इस्लामी और भारत विरोधी ताकतें हिन्दुओं और प्राचीन हिन्दू मंदिरों पर हमला करने लगी हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले शेख हसीना के दौर में कमोबेश खत्म हो गए थे। वहां पर अब तो धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिए स्पेस जीवन के सभी क्षेत्रों में घट रहा है। बांग्लादेश में कठमुल्ले कट्टर इस्लामिक हिन्दुओं की जान के पीछे पड़े हुए हैं। उन्हें तो बस मौके भर की तलाश होती है। यह अफसोसजनक बात है कि बांग्लादेश में हिन्दू कतई सुरक्षित नहीं हैं। जबकि बांग्लादेश में सदियों से बसे हिन्दुओं ने बंग बंधु के नेतृत्व में बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था । लज्जा के आने के बाद कट्टरपंथियों ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया था। जिस कारण से वह अमेरिका चली गईं थीं। अपनी जान बचाने की गरज से तस्लीमा लम्बे अरसे तक स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका में भी रहीं ।

वह 2004 में कोलकाता आ गईं थीं। उन पर 2007 में हैदराबाद में भारत के कठमुल्लों ने हमला भी किया पर वे बाल बाल बच गईं।बांग्लादेश में जेसोर, देबीगंज, राजशाही, शांतिपुर, प्रोधनपारा और आलमनगर में हिन्दुओं पर सर्वाधिक जुल्मों-सितम होते रहे हैं। जब 1947 में भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे। पर 2011 की जनगणना के बाद वहां हिन्दू देश की कुल आबादी का मात्र 8 फीसदी ही रह गए हैं। शेख हसीना के दौर से पहले बांग्लादेश में शायद ही ऐसा कोई दिन बीतता हो, जब किसी हिन्दू महिला के साथ कट्टरवादी बदतमीजी न करते हों। कोई महिला कट्टरवादियों का विरोध करती , तो उसे निर्ममता पूर्वक मौत के घाट उतार दिया जाता । बांग्लादेश में हिन्दू महिलाएं हमेशा ही कट्टरपंथियों के निशाने पर रही हैं।

राह चलती किसी लड़की को सरेआम उठाकर कहा जाता है कि उसने इस्लाम कबूल कर लिया है और उसका जबरन निकाह किसी मुस्लिम से कर दिया जाता है। इसलिए दोनों देशों के हिन्दू भारत आना चाहते हैं। यही वजह है कि कुछ लोग सवाल उठाने लगे हैं कि क्या कुछ साल बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश हिन्दू-विहीन हो जाएंगे? क्या बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न की खबरें उन भारतीय सेकुलरवादियों तक नहीं पहुंचती हैं, जो हमास के किसी आतंकी को मारे जाने पर इजराईल को पानी पी-पीकर कोसते हैं? बहरहाल, एक बात तो माननी ही होगी कि शेख हसीना ने भारत के पूर्वोत्तर को सुरक्षित बनाने में बहुत योगदान दिया था। उन्होंने अपने देश के कठमुल्लों को कभी भारत के पूर्वोत्तर भागों में अपना खेल खेलने की इजाजत नहीं दी। क्या अब यह क्षेत्र फिर से आतंकवादियों का केंद्र बन जाएगा? शेख हसीना, जो 2009 से सत्ता में थीं और दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली नेता रहीं। लेकिन, वे भी कई कमियों की शिकार रहीं। वह उन चेतावनियों को पढ़ने में विफल रहीं जो एक सामाजिक-आर्थिक और संभावित रूप से भावनात्मक मुद्दे पर विरोध प्रदर्शनों के साथ आई थीं। हाल के आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग 1971 के स्वतंत्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए आरक्षित नौकरी कोटे को समाप्त करने की थी, जिसे उनके बच्चों और यहां तक कि पोते-पोतियों तक बढ़ा दिया गया था। नौकरी कोटा उन लोगों को नुकसान पहुंचा रहा था , जिन्हें इसका लाभ नहीं हुआ था और आर्थिक संकट के बीच शेख हसीना के विरोधियों के लिए यह काम आया।

शेख हसीना ने पहले उन्हें 'रजाकार' (स्वतंत्रता संग्राम के पाकिस्तान समर्थक विरोधी) कहा, और फिर उन्हें 'आतंकवादी' कहा। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कोटे को न्यूनतम तक कम कर दिया था। इससे यह उम्मीद बनी थी कि अब बंगलादेश फिर से अमन की तरफ लौट जाएगा।

लेकिन , यह उम्मीद गलत साबित हुई। पांच हफ्तों के विरोध प्रदर्शनों के दौरान बल के प्रयोग, ने जनता के गुस्से को और बढ़ा दिया था। खैर, बांग्लादेश अब तो एक गहरे संकट में जा चुका है। अब इस बात की उम्मीद कम ही है कि वहां पर जिंदगी निकट भविष्य में पटरी पर लौट जाएगी। जो देश अपने संस्थापक का अपमान करता हो, उससे क्या उम्मीद की जा सकती है।

शख्सियत

हमेशा एक ही बात जहन में रखनी चाहिए कि हमारी छोटी सी मदद से, हमारे कर्म से,हमारी सलाह से,हमारे समझाने से यदि बिगड़ती बात बन रही हो तो ये कर्म भी गंगा स्नान के समान ही पुण्य देने वाला है.....

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के जाँबाज पुलिस निरीक्षक चौथमल। 5 अप्रैल सन 1974 गांव पलसाना जिला सीकर में जन्मे चौथमल शुरू से ही ओजस्वी और ऊर्जावान रहे हैं। किशोर अवस्था में गांव में के स्कूल से दसवीं तक गांव में पढ़े सीनियर रानोली से की और कॉलेज श्री कल्याण कॉलेज सीकर से व बीएड़ की राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज अजमेर से सन 1996 में । बीएड़ करने के बाद 2004 में गांव अजबपुरा जुराठड़ा सीकर में अध्यापक बने, लेकिन अध्यापक की नौकरी रास ना आई इसलिए पुलिस में भर्ती होने का जज्बा नजर आया और सन 2005 में सब इंस्पेक्टर की भर्ती में चयन होकर थानेदार बन गए सब इंस्पेक्टर रहते हुए अनेक थानों में शानदार कार्य किया और अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास के पुलिस के स्लोगन को चरितार्थ किया। सन 2017 में सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर प्रमोट हुए और जयपुर जोधपुर चित्तौड़गढ़ अलवर झुंझुनू चूरू में पोस्टिंग रही रावतभाटा रश्मि महिला थाना अलवर बुहाना झुंझुनू में थाना अधिकारी रहे जोधपुर के जिला विशेष शाखा को प्रभारी और फ्लिहाल चूरू क्राइम ब्रांच में है बड़े सामान्य परिवार से बिलॉन्ग करते हैं चौथमल आज भी संयुक्त परिवार है पिताजी और चाचा जी सब साथ रहते हैं पिताजी सिलाई करते हैं और बहुत सामान्य परिवार से चौथमल जी ब्लॉक करते हैं मुझे आज भी याद है जब यह

चौथमल
(पुलिस निरीक्षक,राजः पुलिस)

महिला थाना अधिकारी थे तो बहुत सारे केस थाने में बैठकर आपसी समझाइए से एक दूसरे के प्रति एक दूसरे की भावनाओं को समझ कर उनको बिना कोर्ट के निपटा दिया करते थे सन में सीकर जिले के गाँव में जन्में चौथमल शुरू से ही जमीन और जमीर से जुडे रहे थे।

जय हिन्द

आज का इतिहास

9 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- दुनिया के सात अजूबों में से एक इटली के पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण 1173 में शुरू हुआ।
- पोप जॉन 22वें ने 1329 में भारत के क्यूलोन में पहले कैथोलिक धर्मप्रदेश की स्थापना की।
- वेटिकन का सिस्टिन चैपल 1483 में प्रार्थना के लिए खुला।
- अमेरिका में 1831 में पहली बार स्टीम इंजन ट्रेन चली।
- वेबस्टर एशबर्टन संधि के तहत अमेरिका और कनाडा की सीमा 1842 में निर्धारित की गई।
- थॉमस अल्वा एडिसन ने 1892 में टू-वे टेलिग्राफ का पेटेंट कराया।
- अल्वा फिशर ने 1910 में बिजली से चलने वाली वाशिंग मशीन का पेटेंट हासिल किया।
- प्रसिद्ध काकोरी काण्ड की घटना 1925 में घटित हुई थी।
- मुंबई में 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के साथ 'करो या मरो' का नारा देने के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 50 समर्थकों के साथ गिरफ्तार किए गए।
- स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1942 में मलाया (अब मलेशिया) में जापान की मदद से इंडियन नेशनल आर्मी की स्थापना की।
- अमेरिका ने 1945 में जापान के नागासाकी पर दूसरा परमाणु बम गिराया।
- रूस की राजधानी मास्को में परमाणु हथियारों की परीक्षण प्रतिबंध संधि पर 1963 में हस्ताक्षर करने वाला भारत पहला देश बना।
- सिंगापुर 1965 में मलेशियाई संघ से अलग होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना।
- भारत और सोवियत संघ ने 1971 में 20 साल की अनाक्रमण संधि पर हस्ताक्षर किए।
- भारत-पाकिस्तान मैत्री संधि पर 1971 में हस्ताक्षर।
- सोवियत संघ ने 1973 में मार्स 07 का प्रक्षेपण किया।
- वॉटरगेट कांड का खुलासा होने पर अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने 1974 को त्यागपत्र दिया, उप राष्ट्रपति जेरल्ड फोर्ड को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई गई।
- मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को 1996 में भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान चुना गया।
- रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने 1999 में प्रधानमंत्री सर्जेई स्तेपशिन को बर्खास्त कर खुफिया सेवा के प्रमुख ब्लादिमीर पुतिन को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- संसद ने 2000 में मध्य प्रदेश पुनर्गठन विधेयक 2000 को मंजूरी दी जिससे एक अलग छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का रास्ता साफ हुआ।
- जिम्बाब्वे में 2000 को व्यापक विरोध के बावजूद भूमि सुधार की प्रक्रिया शुरू।
- नासा का मानवयुक्त अंतरिक्षयान डिस्कवरी 14 दिन की अपनी साहसिक और जोखिम भरी यात्रा के बाद कैलिफ़ोर्निया स्थित एयरबेस पर 2005 में सकुशल उतरा।
- नेपाल सरकार और माओवादियों के बीच 2006 में संयुक्त राष्ट्र निगरानी मुद्दे पर सहमति बनी।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मरम्मत के महत्त्वपूर्ण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए 2007 में वैज्ञानिकों की टीम लेकर अंतरिक्ष यान एण्डेवर अपने अभियान पर निकला।
- भारतीय प्रतिनिधिमण्डल के समर्थन से मलेशिया के सांस्कृतिक मंत्री व सांसद मोहम्मद शफी अरदाल को 2008 में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (सीपीए) का नया अध्यक्ष चुना गया है।

विशेष आलेख

राष्ट्रीय पुस्तक प्रेमी दिवस

जादुई संसार रचने वाली पुस्तकें सच्ची मित्र होती है

ललित गर्ग

इंसान की ज़िंदगी विचारों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। वैचारिक क्रांति एवं विचारों की जंग में पुस्तकें सबसे बड़ा हथियार है। जिसके लिए न तो कोई लाइसेंस लेना है, न ही इसके लिए किसी नियम-क़ायदे से गुज़रना है, लेकिन यह हथियार जिसके पास हैं, वह ज़िंदगी की जंग हारेगा नहीं। जब लड़ाई वैचारिक हो तो किताबें हथियार का काम करती हैं। पुस्तक का इतिहास शानदार और परम्परा भव्य रही है। पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मार्गदर्शक हैं। पुस्तकें सिर्फ जानकारी और मनोरंजन ही नहीं देती बल्कि हमारे दिमाग को चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। आज डिजिटलीकरण के समय भले ही पुस्तकों की उपादेयता एवं अस्तित्व पर प्रश्न उठ रहा हो लेकिन समाज में पुस्तकें हर दौर में प्रासंगिक बनी रहेगी। पुस्तके मनुष्य जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और पुस्तक-प्रेम के कारण ही प्रतिवर्ष 9 अगस्त को राष्ट्रीय पुस्तक प्रेमी दिवस मनाया जाता है, यह दिन उन लोगों के लिए है जो किताबों और पढ़ाई के बिना नहीं रह सकते।

लोग किताबों से इसलिए प्यार करते हैं क्योंकि उनमें अपार संभावनाएं होती हैं। वे आपको कल्पना की एक नई दुनिया में ले जा सकती हैं। वे आपके जीवन की समस्याओं और बोझ से बचने और भावनाओं के गहन सागर में खो जाने का एक तरीका हैं। पुस्तक न केवल शिक्षा बल्कि जीवन-विकास का कभी न खत्म होने वाला स्रोत हैं। वे अतीत की यादें संजोकर रखती हैं क्योंकि पुस्तकें हमें अतीत से साक्षात्कार कराने का सशक्त माध्यम है। निश्चित ही किताबें जादुई होती हैं। पुस्तकें वैचारिक जंग के साथ-साथ जीवन-जंग को जीतने का सक्षम आधार है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने पुस्तकों के महत्व पर लिखा है कि तोप, तीर, तलवार में जो शक्ति नहीं होती, वह शक्ति पुस्तकों में रहती है। तलवार आदि के बल पर तो हम केवल दूसरों का शरीर ही जीत सकते हैं, किंतु मन को नहीं। लेकिन पुस्तकों की शक्ति के बल पर हम दूसरों के मन और हृदय को जीत सकते हैं। ऐसी जीत ही सच्ची और स्थायी हुआ करती है, केवल शरीर की जीत नहीं! रेडियो पर अपने मन की बात के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिन्दी के अमर कथाकार मुंशी प्रेमचन्द का उल्लेख करते हुए लोगों से अपने दैनिक जीवन में किताबें पढ़ने की आदत डालने का आह्वान किया। साथ ही उपहार में 'बुके नहीं बुक' यानी किताब देने की बात कही। पुस्तक-संस्कृति को जनजीवन में प्रतिष्ठापित करने की दृष्टि से उनकी यह एक नयी प्रेरणा, झकझोरने एवं सार्थक दिशाओं की ओर अग्रसर करने की मुहिम बनी है। जिससे नया भारत निर्मित होगा एवं पढ़ने की कम होती रूचि पर विराम लगेगा। पुस्तक एवं पुस्तकालय क्रांति के नये दौर का सूत्रपाठ होगा। मोदी ने प्रेमचन्द की तीन मशहूर कहानियों ईदगाह, नशा और पूस की रात का जिक्र किया और उन कहानियों में व्यक्त संवेदना की भी चर्चा की। निश्चित ही इससे देश में संवेदनहीनता एवं संवादहीनता की खाई को भरा जा सकेगा। भारत सरकार द्वारा एक करोड़ का गांधी शांति पुरस्कार सौ साल से सनातन संस्कृति की संवाहक एवं पुस्तकों का सुन्दर संसार निर्मित करने के लिये गीता प्रेस, गोरखपुर को दिया गया था। 1800 पुस्तकों की अब तक 92 करोड़ से अधिक प्रतियां प्रकाशित करने वाले गीता प्रेस को इस पुरस्कार के लिये चुना जाना एक सराहनीय एवं सूझबूझभरा उपक्रम होने के साथ पुस्तक-प्रेम को बल देने का सराहनीय प्रयास है। क्योंकि गीता प्रेस की पुस्तकें भारतीय सनातनी घरों के जीवन का हिस्सा है। वस्तुतः पुस्तकें सचमुच हमारी मित्र हैं। वे अपना अमृतकोश सदा हम पर न्यौछावर करने को तैयार रहती हैं। उनमें छिपी अनुभव की बातें हमारा मार्गदर्शन करती हैं। हमारे मन में उठ रहे सवालों का जवाब पाने के लिए पुस्तकों से बेहतर ज़रिया कोई भी नहीं। तब भी जब हमारे आस-पास कोई नहीं है, हम अकेले हैं, उदास हैं, परेशान हैं, किताबें हमारी सच्ची दोस्त बनकर हमें सहारा देती हैं। पुस्तकों का महत्व एवं क्षेत्र सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदेशिक है। जहां तक जीवन की पहुंच है, वहां तक पुस्तकों का क्षेत्र है। पुस्तकों की यही कसौटी बताई गयी है कि वे जीवन से उत्पन्न होकर सीधे मानव जीवन को प्रभावित करती है। पुस्तकों का आविष्कार उन भारी पत्थरों की जगह लेने के लिए किया गया था जहाँ मूल रूप से पाठ और चित्र उकेरे जाते थे, क्योंकि कई लोगों को उन्हें ले जाने में कठिनाई होती थी। पहली किताबें चर्मपत्र या बछड़े की खाल से बनी होती थीं और उनका कवर लकड़ी से बना होता था जिसे चमड़े में लपेटा जाता था। पहले के दिनों में किताबें बड़ी होती थीं और महंगे चमड़े से बंधी होती थीं। इसलिए, केवल अमीर लोग ही उन्हें खरीद सकते थे। उन्नीसवीं सदी के पहले भाग में औद्योगिक क्रांति के साथ और प्रिंटिंग प्रेस, पल्प पेपर मिलों और मैकेनिकल टाइपसेटिंग की व्यापक उपलब्धता के साथ, सस्ती पेपरबैक किताबें प्रकाशित और वितरित की जाने लगीं। इस प्रकार, यह न केवल आम लोगों के लिए सस्ती थी, बल्कि इसे ले जाना भी आसान था। पुस्तकें पढ़ने का कोई एक लाभ नहीं होता। पुस्तकें मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं तथा सोचने समझने के दायरे को बढ़ाती हैं। पुस्तकें नई दुनिया के द्वार खोलती हैं, दुनिया का अच्छा और बुरा चेहरा बताती, अच्छे बुरे की तमीज पैदा करती हैं, हर इंसान के अंदर सवाल पैदा करती हैं और उसे मानवता एवं मानव-मूल्यों की ओर ले जाती हैं। मनुष्य के अंदर मानवीय मूल्यों के भंडार में वृद्धि करने में पुस्तकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ये पुस्तकें ही हैं जो बताती हैं कि विरोध करना क्यूँ जरूरी है। ये ही व्यवस्था विरोधी भी बनाती हैं तो समाज निर्माण की प्रेरणा देती है। समाज में कितनी ही बुराइयां व्याप्त हैं उनसे लड़ने और उनको खत्म करने का काम पुस्तकें ही करवाती हैं। शायद ये पुस्तकें ही हैं जिन्हें पढ़कर स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गांधी, आचार्य तुलसी एवं नरेन्द्र मोदी दुनिया की एक महाशक्ति बने हैं। वे स्वयं तो महाशक्ति बने ही है, अपने देश के हर नागरिक को शक्तिशाली बनाया या बनाना चाहते हैं, इसीलिये उन्होंने देश भर में एक पुस्तक-पठन तथा पुस्तकालय आंदोलन का आह्वान किया है, जिससे न सिर्फ लोग साक्षर होंगे, बल्कि सामाजिक व आर्थिक बदलाव भी आएगा। पुस्तकों से ही आदर्श समाज की संरचना हो सकती है। लोकमान्य गंगाधर तिलक ने कहा था कि यदि कोई मुझे सम्राट बनने के लिये कहे और साथ ही यह शर्त रखे कि तुम पुस्तकें नहीं पढ़ सकोगे तो मैं राज्य को तिलांजलि दे दूंगा और गरीब रहकर ही साहित्य पढ़ूंगा।' यह पुस्तकीय सत्य नहीं, अनुभूति का सत्य है। अतः साहित्य के महत्व को वही आंक सकता है, जो उसका पारायण करता है। अमरीकी राष्ट्रपति अब्राहिम लिंकन कहते थे, ''मेरा सबसे अच्छा मित्र वह है जो मुझे ऐसी किताब दे, जो मैंने पढ़ी न हो।'' भले ही आज के इंटरनैट फ्रैंडली वर्ल्ड में सीखने के लिए सब कुछ इंटरनैट पर मौजूद है लेकिन इन सब के बावजूद जीवन में पुस्तकों का महत्व आज भी बरकरार है।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष

आध्यात्मिकता और ईश्वरभक्ति से मानसिक शांति मिलेगी। आज का दिन आपके लिए लाभकारी और शुभफलदायी है। विवाहोत्सुकों के लिए विवाह के योग हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में भी विशेष लाभ होगा। अनावश्यक खर्च हो सकता है।

वृष

विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। संबंधों में भावनाओं की प्रधानता रहने से संबंध सुखदायी रहेंगे। विभिन्न योजनाओं से संबंधित विचारों की अधिकता से आप दुविधा में रहेंगे। हालांकि, परिजनों के साथ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

मिथुन

परिजनों के साथ धन संबंधी कोई विवाद हो सकता है। आज भाइयों से लाभ होगा। दोस्तों से मुलाकात और स्वजनों से खुशी मिलेगी। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी।

कर्क

पिता और बड़ों से लाभ होने की संभावना है। व्यावसायिक कामों को लेकर कहीं जाना पड़ सकता है। कार्यभार में वृद्धि होगी। हालांकि, आर्थिक योजनाएं बेहतर तरीके से पूरी कर सकेंगे। आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। कोई छोटी यात्रा आपके लिए लाभकारी रहेगी।

सिंह

बौद्धिक काम और व्यावसायिक क्षेत्र में आप नए विचारों से प्रभावित होंगे। आप अपनी सृजनशक्ति का भी परिचय देंगे। इसके बावजूद मानसिक रूप से आपका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। संतान से संबंधित मामलों से दुःख हो सकता है।

कन्या

आज सेवा कार्य के लिए भी शुभ दिन है। शारीरिक स्वस्थता और मानसिक खुशी बनी रहेगी। आज आपको वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। नए संबंध बनेंगे, जो आगे आपके काम आएंगे। विद्यार्थियों की पढ़ने-लिखने में रुचि बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

तुला

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आप ज्यादा इमोशनल ना हों और ना ही कोई नया रिश्ता बनाने की ओर अग्रसर हों। किसी बीमारी के कारण मन में चिंता रहेगी। ज्यादा सोचने के कारण मानसिक थकान का अनुभव हो सकता है।

वृश्चिक

दूर स्थित व्यक्ति या संस्था के साथ संबंधों में दृढ़ता आएगी, जो आगे चलकर लाभदायी रहेगी। अधिक खर्च से बचने की जरूरत है। निर्धारित काम में अपेक्षाकृत कम सफलता प्राप्त होगी। आज का दिन मध्यम रहेगा।

धनु

अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। रमणीय स्थल पर प्रवास की भी संभावना है। आज का दिन शुभफल देने वाला है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे।

मकर

शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ आनंददायी भेंट होगी। प्रवास भी आनंदप्रद रहेगा। परिजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सरकारी संकट उपस्थित हो सकता है।

कुंभ

आपका आज का दिन आनंदप्रद रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में भी कुछ काम कर सकेंगे। आज आपके संपर्क में वृद्धि होगी। आपके क्षेत्र के बाहर के लोगों के साथ भी संचार अधिक रहेगा। बौद्धिक कामों के प्रति रुचि बढ़ेगी।

मीन

संभव हो तो वाद-विवाद से दूर रहें। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद होने की संभावना है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विशेषकर आंखों का ध्यान रखें। दुर्घटना की भी आशंका है। कोर्ट-कचहरी के काम में सावधानी बरतें। आज का दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा।

सहोदरा नदी में चाचा-भतीजा बहे, 1 की मौत

गंभीर हालत में चाचा जयपुर रेफर; नदी की रपट पार करते समय हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा से केकड़ी की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर इन्दोली से नयागांव जाटान की ओर जाने वाले मुख्य रास्ते में पड़ रहे सहोदरा नदी के रपटे पर तेज बहाव से पानी निकल रहा था।इधर इन्दोली निवासी जवाहर व रामराज अपने पशु चराते समय इस रपटे में फसे पशुओं को बाहर निकालते समय गहरे पानी में चले जाने से दोनो चरवाह बह गए।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने 1 घंटे में मृतक का शव नदी से निकाला। उधर मृतक के चाचा को ग्रामीणों ने बाहर निकाल लिया था, जिसे पहले मालपुरा अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रेफर कर दिया गया।

रपट पर बह रहा था 3 फीट पानी : लांबाहरिसिंह थाना इलाके के इंदौली निवासी रामराज जाट (55) पुत्र नारायण जाट और उनका चाचा जवाहर जाट (80) पुत्र बालू जाट गुरुवार को सुबह मवेशी चराने के लिए घर से निकले थे। वे दोनों सुबह करीब पौने 9 बजे गांव से लगभग आधा किलोमीटर दूर सहोदरा नदी की तरफ पहुंचे। इस दौरान दोनों चाचा-भतीजा नदी से दूसरी तरफ जाने के लिए नदी में उतर गए। नदी के रपट पर करीब 3 फीट पानी बहने के चलते, पानी के तेज बहाव में दोनों का संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद दोनों बहने लगे और दोनों ने बचाने के लिए चिल्लाना शुरू किया।

भतीजे ने चाचा को बचाए रखा, खुद बह गया : आवाज सुनकर कुछ लोग दौड़कर आए। लेकिन इससे पहले भतीजे ने चाचा को धक्का देकर ज्यादा पानी के बहाव से बचाए रखा और खुद बह गया। जब तक लोग दौड़कर पहुंचे उससे कुछ ही सेकेंड पहले भतीजे का संतुलन ज्यादा बिगड़ा और वो नदी में बह गया। इस दौरान लोगों ने जैसे-तैसे चाचा को तो बाहर निकाल गया, लेकिन भतीजा बह गया।

1 घंटे बाद निकाला भतीजे का शव

इसके बाद लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और चाचा जवाहर को बेसुध हालत में मालपुरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया गया। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद रामराज का शव ढूंढ निकाला। एसडीआरएफ टीम के राजेंद्र कुमार गुर्जर ने बताया कि एक घंटे की मशक्कत के बाद रामराज का शव तलाश कर नदी में से निकाल लिया।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रजवास में किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रजवास में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर पौधरोपण किया गया । यूथ एवं इको क्लब प्रभारी प्रेम प्रकाश शर्मा ने बताया कि विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल किशोर कुमार वर्मा की देखरेख में स्टाफ और विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय परिसर,सार्वजनिक स्थान, खेल मैदान और अन्य स्थानों पर उत्साह के साथ नीम, आंवला, नीबू, अमलतास, बरगद, पीपल, सेमल, बील, सहजन, हारसिंगार, गुलमोहर सहित अन्य प्रजाति के सैकड़ो पौधे लगाए इन पौधों को पेड़ बनने तक की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली । उन्होंने बताया कि लगाए गए पौधों को एप के माध्यम से जिओ टैग भी किया गया है । पौधारोपण के इस पुनीत कार्य में महिला,पुरुषों और अभिभावकों का भी सहयोग रहा तथा सब ने इस कार्य को पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया । इस अभियान में प्रियंका गुर्जर,राजंती मीणा, रमेश कुमार जाट, गजानंद शर्मा, हेमराज वर्मा, श्रवण लाल जाट, सुनीता वर्मा, बाबू लाल जैन, सुमन जैन, मुकेश विजय, राजेश सोनी, पुलकित पारीक, दानिश नोगिया, बाबूलाल गुर्जर सहित स्टाफ के सभी शिक्षकों, जनप्रतिनिधि व अभिभावको ने भाग लिया।

कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक ने किया मालपुरा क्षेत्र का दौरा

कृषि पर्यवेक्षक फसलो में कीट के नियन्त्रण की जानकारी किसानो को देवे : डॉ. लक्ष्मीनारायण बैरवा

कृषि वैज्ञानिको की टीम ने मूंग की फसल का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

टोंक/मालपुरा/ पचेवर/। कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक निदेशक डॉ.लक्ष्मी नारायण बैरवा के नेतृत्व में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कृषि वैज्ञानिको एवं कृषि अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर, पारली क्षेत्र का दौरा किया, फसलों में लगने वाले कीट एवं व्याधियों का प्रकोप होने पर पैकेज ऑफ प्रेक्टिस अनुसार किसानो को सलाह देने के निर्देश दिये।

सहायक निदेशक डॉ. महेश कुमावत ने बताया कि भारत सरकार किसान कल्याण मंत्रालय, वनस्पति संरक्षण संग रोध एवं संग्रह निदेशालय , राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा के कृषि वैज्ञानिको एवं अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार जयपुर खण्ड के अतिरिक्त निदेशक लक्ष्मी नारायण बैरवा के नेतृत्व में रेपिड रोविंग सर्वे टीम ने निरीक्षण किया जिसमें मूंग की फसल में आंशिक पत्ते काटने वाली एवं फली छेदक लट का प्रकोप होने पर केन्द्र एवं राज्य सरकार के वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों ने निरीक्षण किया, जिसमें पाया कि मूंग की फसल में सेमी लूपर, तम्बाकू की इल्ली, का प्रकोप है। अतिरिक्त निदेशक डॉ. लक्ष्मी नारायण बैरवा ने सभी कृषि पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से खेतो का भ्रमण करे एवं यदि कीड़े या बीमारी का प्रकोप दिखाई दे तो विभागीय सिफारिश के अनुसार समय पर समाधान किया जाना आवश्यक आवश्यक है। कृषको को कृषि की उन्नत तकनीक की जानकारी जैसे गर्मी की गहरी जुताई, बीजोपचार,शस्य क्रियाओं की जानकारी जानकारी देवे ताकि फसलो पर कीट एवं व्याधियों का प्रकोप कम से कम हो, जयपुर खण्ड की उप निदेशक रेखा चौधरी ने कहा कि कृषि पर्यवेक्षक गुरुवार को किसान सेवा केन्द्र पर आने वाले किसानो को पौधो में लगने वाले कीट एवं व्याधियों की जानकारी समय से पूर्व देवे ताकि कृषक जैविक या रासायनिक नियन्त्रण कर सके। इस अवसर पर सर्वे टीम में जयपुर खण्ड के कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक डा. लक्ष्मी नारायण बैरवा, उपनिदेशक रेखा चौधरी, सहायक निदेशक डा. महेश कुमावत, सहायक प्राचार्य डा. मुकेश निठारवाल, सह आचार्य पौध व्याधि अरविन्द एम.वनस्पति संरक्षण संग रोध एवं संग्रह निदेशालय की सह आचार्य डा. प्रज्ञा गौतम, सह आचार्य डा. जगदीश यादव, सहायक निदेशक मालपुरा डा. महेश कुमावत, कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर शामिल थे। इस अवसर सहायक कृषि अधिकारी कैलाश जांगीड़, कृषि पर्यवेक्षक राजेश यादव, मुकेश चौधरी, जगदीश जाट, रोडू चौधरी, रघुनाथ बैरवा, कानाराम मीणा सहित अनेक किसान मौजूद थे।

उच्चाधिकारियो ने की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में कावड़ यात्रा, डिग्गी मेला सहित अन्य पर्वो व त्यौंहारो को लेकर उच्चाधिकारियो ने समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। गुरूवार को उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में संभगीय आयुक्त महेश चन्द शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक लता मनोज कुमार, जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा, जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैण ने कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुंवार कस्वा, उप पुलिस अधीक्षक महेन्द्र कुमार, तहसीलदार राहुल पारीक व थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा के साथ समीक्षा बैठक की।

इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुंवार कस्वा, उपखण्ड अधिकारी शर्मा ने कावड़ यात्रा के संबंध में अब तक हुई चर्चा व बैठको के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही मालपुरा उपखण्ड व पुलिस प्रशासन की ओर से कावड़ यात्रा को लेकर आयोजको सहित समाज के प्रबुद्धजनो के साथ हुई बैठको के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही समीक्षा बैठक में डिग्गी में आयोजित होने वाजले 59वें लक्खी पदयात्रा मेले को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में दी गई चर्चा के बाद संभागीय आयुक्त शर्मा ने जिला व उपखण्ड प्रशासन को तथा पुलिस महानिरीक्षक लता मनोज कुमार ने जिला व मालपुरा पुलिस प्रशासन के अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

अवैध टोल वसूली को लेकर केन्द्रीय परिवहन मंत्री को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। अभिभाषक संघ मालपुरा ने केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री को भेजे ज्ञापन में जयपुर भीलवाड़ा मेघा हाईवे पर अवेध रूप से वसूले जा रहे टोल को तुरन्त बंद करवाने की मांग की है। संघ अध्यक्ष एडवोकेट रविकुमार जैन ने केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को एक ज्ञापन लिख कर अवगत कराया है कि इस सड़क मार्ग पर अविकानगर से पहले एक टोल प्लाजा स्थापित किया गया था। राजस्थान रोड डवलपमेंट एक्ट 2002 के तहत मालपुरा टोल प्लाजा नगरपालिका मालपुरा सीमा में 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थापित होना चाहिए था। लेकिन टोल कम्पनी ने राजस्थान रोड डवलपमेंट एक्ट 2002 का उल्लघंन करके अविकानगर टोल को नगरपालिका सीमा से मात्र 1.5 कि.मी. दूरी पर स्थापित कर अपनी मनमानी का परिचय दिया है। जिससे मालपुरा की जनता को टोल शुल्क का भुगतान करने से भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि मालपुरा से जयपुर जाते समय इस सड़क पर वाहनो से दो बार टोल वसूला जा रहा है जबकि इसकी दूरी मात्र 90 किलोमीटर ही है। ज्ञापन में संघ की ओर से लिखा गया कि अविकानगर टोन को मालपुरा नगरपालिका सीमा से राजस्थान रोड डवलपमेंट एक्ट 2002 के तहत 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थापित किया जाए औ जब तक इसकी पालना नहीं हो तब तक मालपुरा के स्थानीय लोगो से टोल वसूली को रोका जाए। इसके अलावा अविकानगर टोल प्लाजा को नियमानुसार मालपुरा शहर से 5 किलोमीटर दूरी पर स्थापित किया जाकर मालपुरा शहर की जनता को अवैध टोल वसूली से मुक्ति दिलवाने की मांग की है।

स्वाधीनता दिवस की तैयारियां सुनिश्चित करें : सुरेश चौधरी

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। स्वाधीनता दिवस की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वाधीनता दिवस की तैयारियों को गंभीरता से लेते हुए सभी व्यवस्थाएं नियत समय पर सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने विभिन्न विभागों को दी गई जिम्मेदारियों की समीक्षा करते हुए कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने जिला स्तरीय मुख्य समारोह में बैठने की व्यवस्था, पारितोषिक वितरण, योगाभ्यास, सरकारी कार्यालयों पर रोशनी, सांस्कृतिक झलकियां, सफाई एवं यातायात व्यवस्था इत्यादि पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में एडीएम ने कहा कि स्वाधीनता दिवस पर कृषि ऑडिटोरियम में 13 अगस्त को सायं 7 बजे सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। 15 अगस्त को प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण पुलिस परेड ग्राउंड टोंक में होगा। इसके बाद सलामी एवं राष्ट्र धुन, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, राज्यपाल महोदय का संदेश पठन, वीरांगनाओं का सम्मान, सांस्कृतिक झलकियां, पारितोषिक वितरण, योगा ड्रिल, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। दोपहर बाद क्रिकेट मैच खेला जाएगा। बैठक में सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, उपखंड अधिकारी राहुल सैनी, जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा, नगर परिषद आयुक्त ममता नागर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

श्री खेड़ापति बालाजी महाराज के जयकारों के साथ 12वीं पदयात्रा रवाना

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा (नि.स.)। ग्राम पंचायत पराना में बालाजी पदयात्रा संघ के तत्वावधान में गुरुवार को चारभुजा नाथ मंदिर से बालाजी महाराज के लिए 12वीं पदयात्रा एक दो-तीन चार बालाजी की जयकारों के साथ मंदिर के पुजारी रामकिशन पाराशर के सानिध्य में पण्डित भागचंद शर्मा के द्वारा विधिवत ध्वजपूजन करने के बाद रवाना हुए एवं पदयात्रा में शामिल पदयात्री भजनों पर नाचते - गाते हुए रवाना हुए पदयात्रा संयोजक सरपंच गिरिराज बूरी ने बताया कि गुरुवार की सुबह सभी ग्रामीण चारभुजा जी के मंदिर परिसर में एकत्रित होकर पदयात्रा के ध्वज का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया एवं इसके बाद बालाजी महाराज की प्रतिमा को फूलों से सजें धजे रथ में विराजमान कर गांव में भ्रमण करवा कर पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा में महिलाएं रंग बिरंगे वस्त्र पहन कर मंगल गीत गाती एवं माता के जयकारे लगाती हुई चल रही थी । इससे पूर्व ग्रामीण पंच पटेलों ने पदयात्रा की सफलता के लिए पथवारी माता का पूजन कर महाआरती की । सायं को बालाजी महाराज के चरणों में ध्वज समर्पित कर प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना करेंगे। इस दोरान छीतर बूरी, प्रेम शंकर जांगिड़ ,सुरेश बूरी ,हनुमान बूरी, विनोद माडिया ,सुरेश बूरी ,जगदीश बूरी, विष्णु पाराशर, सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

हरियालो राजस्थान महाअभियान के अन्तर्गत नगरपालिका में लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। नगरपालिका मालपुरा परिसर में राज्य सरकार के आदेशानुसार व स्वायत शासन विभाग के निर्देशानुसार सरकार के हरियालो राजस्थान महाअभियान के अन्तर्गत पौधे लगाए गए।

हरियाली तीज के मौके पर स्वायत शासन विभाग के निदेशक सुरेश कुमार औला के निर्देशानुसार नगरपालिका कार्यालय परिसर में सघन वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, सहायक लेखाधिकारी प्रथम सोमदत्त शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता बसराम मीणा, कनिष्ठ सहायक मोहित विजय, फायरमेन महेन्द्र लाखनवाल, जमादार राजेश सहित नगरपालिका मालपुरा के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजुद रहे। पालिका के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, सहायक लेखाधिकारी प्रथम सोमदत्त शर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता मीणा ने संयुक्त रूप से बताया सरकार के निर्देशानुसार महाअभियान के अन्तर्गत लगाए गए सभी पौधो के बड़े होने तक पूर्ण सरंक्षण प्रदान किया जाएगा।

दानपेटी में निकली 11 लाख की नकद राशि, पुलिस अधिकारियो ने देखा मौका

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। उपखण्ड की धार्मिक नगरी डिग्गी श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर की खोली गई दान पेटी में 11 लाख रूपये से अधिक की नकद राशि निकली। ट्रस्ट अहलकार दिनेश शर्मा व ट्रस्टी गिरिराज शर्मा ने बताया कि गुरूवार को श्री कल्याण मन्दिर ट्रस्ट की दान पेटी को खोला गया। इसमें अधिकारियो की मौजुदगी में कर्मवारियो ने गिनती की। जिसमें दान पेटी से कुल 11 लाख 29 हजार 727 रूपये की नकद राशि निकली। जिसे ट्रस्ट के बैंक खाते में जमा करवाया गया। वहीं डिग्गी के पुलिस ग्राम रक्षक दल के सदस्य ने बताया कि डिग्गी में आयोजित होने वाले 59वें लक्खी पदयात्रा मेले को लेकर पुलिस उप अधीक्षक मालपुरा महेन्द्र कुमार मीणा, डीवाईएसपी पीपलू देवराज कुलदीप सहित अन्य पुलिस के अधिकारियो ने डिग्गी के कल्याण मन्दिर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मेला अवधि के दौरान की जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन कर इसमें सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

विहिप बजरंग दल का जत्था बाबा बूढ़ा अमरनाथ के लिए हुआ रवाना

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा का जत्था बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाबा बूढ़ा अमरनाथ के लिए रवाना हुआ। संयोजक राकेश खारोल ने बताया की साल 2002 में आतंकवादियों द्वारा बूढ़ा अमरनाथ मंदिर में हमला कर दिया था लेकिन बाबा बूढ़ा अमरनाथ मंदिर को खरोच तक नही आई।हमले में राकेट लांचर के एक भी गोले नही फटे। आतंकवाद के कारण पुंछ व राजौरी जिलों में हिंदू समाज का पलायन रोकने के लिए भी श्री बूढ़ा अमरनाथ यात्रा की बड़ी भूमिका रही है राष्ट्रीय स्तर पर इस यात्रा से हिंदू समाज का मनोबल भी बढ़ता है विहिप के 2004 में हुए अधिवेशन के दौरान विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा की शुरुआत की। तबसे देश के कोने कोने से यात्रा लगातार जारी है।इस दौरान बजरंग दल के राकेश खारोल,महेंद्र पोसवाल, अजय सैनी,कमल मीणा ,राजकुमार, ओमप्रकाश सैनी, कमलेश अजमेरा,गोपाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

हरियालो राजस्थान के तहत विद्यालय में लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बैरवा ढाणी सीपुरा में 'हरियालो राजस्थान' एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के प्रभारी रामकिशोर सैनी ने बताया कि सभी ने अपने पूर्वजों के नाम पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर बनवारी लाल बैरवा, छोटू लाल बैरवा, राजू लाल बैरवा, संतरा, बादाम, अध्यापक विश्राम गुर्जर सहित विद्यार्थी मौजूद थे ।

हेड ब्याय व हेड गर्ल चुनावो के लिए नामाकंन दाखिल

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा के सदरपुरा रोड स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में शनिवार को होने वाले हेड ब्याव व हेड गर्ल के चुनावो के लिए नामाकंन दाखिल किए गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य व रिटर्निंग अधिकारी हंसराज जाट ने बताया कि छात्रा व शिक्षको में समन्वय स्थापित कर शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने के लिए चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न की जाती है। जिसमें विजयी रहने वाले छात्र व छा9ा को वर्ष पर्यन्त शिक्षको व छात्रो में समन्वय का कार्य करते हैं।

धूमधाम से निकली बूढ़ी तीज की सवारी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजधानी का लोक पर्व बूढ़ी तीज की गुरुवार को धूमधाम से सवारी निकाली गई। इस अवसर पर जयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्यों ने विधि -विधान से तीज माता की पूजा-अर्चना की। बूढ़ी तीज की सवारी सिटी पैलेस की जनानी ड्योढ़ी से आरंभ होकर तालकटोरा पहुंची। तीज माता की सवारी को राज—ठाठ के साथ रवाना किया गया। तीज माता की सवारी के हर पल को ड्रोन कैमरे में कैद किया गया। इसी के साथ तीज माता पर ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई। इसी दौरान तीज माता की सवारी के आरंभ होने से पूर्व कलाकारों ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी। पर्यटन विभाग के उप निदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि 8 अगस्त को शाही लवाजमे के साथ तीज माता की सवारी निकाली गई । तीज माता की सवारी को देखने के लिए काफी बड़ी संख्या में विभिन्न जगहों से पर्यटक त्रिपोलिया गेट के बाहर पहुंचे। तीज माता पर त्रिपोलिया गेट से छोटी चौपड़ तक ड्रोन से पुष्प वर्षा की गई।

तीज माता की सवारी त्रिपोलिया गेट से रवाना होकर त्रिपोलिया बाजार छोटी चौपड़ होते हुए गणगौरी बाजार से तालकटोरा पहुंची।

एलईडी स्क्रीन से हुआ सीधा प्रसारण : पर्यटन विभाग की ओर तालकटोरा पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। इसी के साथ तीज उत्सव को यादगार बनाने के लिए अल्बर्ट हॉल,हवा महल,आमेर महल,सिटी पैलेस पर सेल्फी पाइंट भी बनाए गए। जिसमें तीज माता की सवारी देखने आए देशी-विदेशी सभी लोगों ने सेल्फी लेकर आनंद लिया।

अंतरराज्यीय नकबजन गैंग चढ़ी पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये की नकबजनी की वारदात कर उत्तर प्रदेश में माल बेचने वाले चोर नकबजनों का छह सौ किलोमीटर पीछा करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि अंतरराज्यीय नकबजन गैंग गूगल लोकेशन लेकर के रात के समय वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से दो देसी कट्टा बरामद किए है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अंतरराज्जीय नकबजन गैंग के सुदेश सचान (32) निवासी गाजनेर कानपुर उत्तर प्रदेश हाल हरमाड़ा, रोहित साहू (26) निवासी गोविन्द नगर कानपुर उत्तर प्रदेश, राहुल सैन (30) निवासी कोंच जालौन उत्तर प्रदेश और कृष्ण मोहन गांधी (68) निवासी मूलगंज कानपुर उत्तर प्रदेश को पीछा करते हुए छह सौ किलोमीटर दूर कानपुर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गैंग के चारों बदमाशों के खिलाफ जयपुर और उत्तर प्रदेश में दो दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी कट्टा बरामद किए है। आरोपितो ने नशे के शौक के लिए नकबजनी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। गैंग से पूछताछ में सामने आया है कि वह दिन के समय चोरी की बाइक पर रेकी करते थे और नकबजनी के स्थान को चिन्हित कर गूगल लोकेशन लेकर रात के समय वारदात को अंजाम देते थे। जयपुर में नकबजनी की वारदात के लिए केटरिंग में काम करना बता कर किराए का मकान लेकर रहते थे। वारदात को अंजाम देने के बाद चोरी के माल को उत्तर प्रदेश में बेचने चले जाते थे। चोरी का माल बेचकर वापस आने पर दोबारा नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया जाता था। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है जिसमें कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

एयू जयपुर मैराथन के लिए पंजीकरण शुरू, 2 फरवरी 2025 को आयोजित होगी एयू जयपुर मैराथन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एयू जयपुर मैराथन के 16वें संस्करण के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रतिष्ठित मैराथन संस्कृति युवा संस्था और वर्ल्ड ट्रेड पार्क की पहल है,जो हर वर्ष की तरह इस बार भी फरवरी के पहले रविवार यानी 2 फरवरी 2025 को आयोजित होगी। एयू जयपुर मैराथन न केवल भारत की सबसे बड़ी मैराथन है,बल्कि यह देश भर के धावकों और फिटनेस प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन बन चुकी है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, एमडी और सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा कि उन्हे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि एयू जयपुर मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके हैं, जिसने जयपुर से शुरुआत कर विश्व स्तर पर अपनी लोकप्रियता का परचम लहरा दिया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारी इस गुलाबी नगरी से की गई दो पहल-एयू जयपुर मैराथन और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, आज पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव एवं बदलाव ला रही हैं। एयू ने जयपुर शहर से अपनी यात्रा की शुरुआत की और आज भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक बन चुका है। इसी तरह, एयू जयपुर मैराथन, जयपुर शहर के एक कम्यूनिटी इवेंट से उठकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय फिटनेस एवं हेल्थ इवेंट बन चुका है। यह उपलब्धियां दर्शाती हैं कि छोटे शहरों में भी बड़े सपने सच हो सकते हैं। एक बार फिर से आपके स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए जागरूकता लाने और इसे बेहतर बनाने के उद्देश्य से जयपुर की धरती पर दौड़ के इस उत्सव का आगाज हो चुका है।

जेकेके में 9 अगस्त को आदिवासी महोत्सव : शिल्पग्राम के डूंगरपुर हट में होगी विभिन्न प्रस्तुतियां

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य पर कला प्रेमियों को आदिवासी संस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। 9 अगस्त को जवाहर कला केन्द्र में आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अतुल्य अगस्त के अंतर्गत होने वाले महोत्सव में आदिवासी अंचलों से आने वाले कलाकार विभिन्न कला विधाओं की प्रस्तुति देंगे। शिल्पग्राम के डूंगरपुर हट पर शाम 4ः00 से 6ः00 बजे तक पद दंगल गायन, हेला ख्याल गायन, घूमरा नृत्य और आदिवासी गीत गायन की प्रस्तुति होगी। जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक सुश्री प्रियंका जोधावत ने कहा कि आदिवासी संस्कृति का सौंदर्य अनुपम है। ये कला प्रस्तुतियां हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है। ग्रामीण क्षेत्र के दृश्य को साकार करने वाले शिल्पग्राम में विभिन्न आदिवासी कलाओं की प्रस्तुति अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करेंगी।

एटीएम उखाड़ कर ले जाने वाले बदमाशों को लेकर दिल्ली रोड पर पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

गोकुलपुरा फाटक के पास से हिताची बैंक का एटीएम उखाड़ ले गए थे बदमाश, एटीएम में रखे थे 4.41

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। करधनी थाना इलाके में स्थित गोकुलपुरा फाटक के पास से चार लाख रूपये से भरा हिताची बैंक के एटीएम उखाड़ कर ले जाने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को दिल्ली रोड पर सर्च अभियान चलाया। जिस कार का उपयोग एटीएम उखाड़ने में किया गया है उनका मूवमेंट दिल्ली रोड पर आने पर पुलिस ने नाकाबंदी करवा कर सर्च अभियान चलाया है। फिलहाल बदमाशों का पता नहीं चल पाया है।

थानाधिकारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि लूट की वारदात में प्रयुक्त कार का मूवमेंट दिल्ली रोड पर आया है। इस पर दिल्ली रोड और उसके आस-पास कार को लेकर सर्च किया गया। इसके अलावा एसयूवी कार के नंबरों की जांच की तो वह अजमेर के निकली। आरोपितों ने एसयूवी कार पर अजमेर की गाड़ी के नंबर लगा रखे थे। साथ ही पुलिस की टीमें एटीएम तोड़ने वाले गिरोह के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए दस टीमों का गठन किया है।

गौरतलब है कि बुधवार अलसुबह गोकुलपुरा फाटक के पास हिताची बैंक के एटीएम कार सवार आधा दर्जन बदमाश उखाड़कर ले गए। एटीएम में वारदात के समय 4.41 लाख रखे थे। बदमाश फॉर्च्युनर कार में सवार होकर आए थे।बदमाशों ने पहले एटीएम का गेट तोड़ा। इसके बाद कार से ही एटीएम को उखाड़ गाड़ी में डालकर रवाना हो गए। बदमाशों ने चेहरें पर नकाब बांध रखा था। वारदात के बाद बदमाश खिरनी फाटक से दिल्ली की तरफ भागे थे।

दस बीघा भूमि पर बसाई गई चार अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्त किया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित रघुनाथपुरा कानोता, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व

तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आगरा रोड़, बेनाड़ा मोड़ से आगे, बस्सी चक के सामने, रघुनाथपुरा, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू-रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''गोविन्द नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना पर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रघुनाथपुरा, जिला जयपुर में ही करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''केषव कुंज'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी प्रकार जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी, मोहनपुरा के पास, जिला जयपुर में खसरा नं. 650, 661, करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना पर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

दरों में कटौती या रूख में बदलाव की उम्मीदों कोआगे बढ़ाना होगा : बरूआ

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एचडीएफसी बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री मि. अभीक बरूआ ने कहा है कि आरबीआई को भविष्य में दरों में कटौती या रूख में बदलाव की उम्मीदों को आगे बढ़ाना होगा। बरूआ ने भारतीय रिवर्ज बैंक (आरबीआई) की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुऐ कहा कि, आरबीआई ने पॉलिसी पाइवोट में बदलाव के लिये जगह बनाने से परहेज के कारण भविष्य में दरों में कटौती का रूख में बदलाव की उम्मीदों को आगे बढ़ाना होगा। आरबीआई ने रेपो दर और उसके रुख को अपरिवर्तित रखते हुए कोई बदलाव नहीं किया। अपने रास्ते पर बने रहने का यह निर्णय स्पष्ट रूप से घरेलू कारकों द्वारा निर्देशित है, जबकि वैश्विक स्तर पर दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ गई हैं। नीति को पूरी टोन आक्रामक लग रही थी, जिसमें आरबीआई ने खाद्य मुद्रास्फीति में स्थिरता के आसपास के जोखिमों को उजागर किया। खाद्य मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान को वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के लिए 60 bps बढ़ाकर 4.4 प्रतिशत कर दिया गया और अब अगली चार तिमाहियों के लिए मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान सभी 4 प्रतिशत से ऊपर हैं।

पति पर महिला की गला दबाकर हत्या करने का आरोप 6 माह पहले हुई थी शादी

कब्रिस्तान से शव को बाहर निकालकर करवाया पुलिस ने पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयसिंहपुरा थाना इलाके में पति द्वारा महिला की गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने कब्रिस्तान से शव को निकलवा कर उसका पोस्टमार्टम करवाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही महिला की मौत के कारणों का पता चल सकेगा। महिला की फरवरी में ही शादी हुई थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि माडर्न कॉलोनी नाई की थड़ी निवासी मुन्ना खान ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बेटी 23 वर्षीय अनम फातिका की फरवरी में मोहम्मद अजहर से शादी की थी। 30 जुलाई को उसकी मौत हो गई। इसके बाद ससुराल वालों ने उसका शव दफना दिया। शंका होने पर महिला ने पिता ने पुलिस की शरण ली और हत्या का मामला दर्ज करवाया। महिला के शव को कब्रिस्तान से बाहर निकलवा कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया है। महिला की हत्या की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

रेलवे यात्री का ध्यान भटकाने और टिकट कंफर्म करवाने का झांसा देकर मोबाइल छीनने वाली गैंग गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) ने कार्रवाई करते हुए रेलवे पैसेंजर का ध्यान भटकाने के साथ ही टिकट कंफर्म करवाने का झांसा देकर मोबाइल पर ओटीपी देखने की कहकर मोबाइल छीनने वाले अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गैंग के मास्टरमाइंड सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से चोरी के तीस लाख रुपए कीमत के मोबाइल जब्त किए हैं।

चोरी के इकट्ठा मोबाइल को गैंग के बदमाश डिमांड पर दिल्ली-बिहार में बेचते थे। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार गैंग के बदमाशों से पूछताछ कर रही है। जीआरपी थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गैंग के बदमाश अजय कुमार (22), नीतीश (31), शिवराज मेहतो उर्फ आजाद (31) और सौरभ कुमार (23) निवासी मुंगेर बिहार और धर्मेन्द्र कुमार (23) निवासी लक्खी बिहार को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी के 146 मोबाइल बरामद किए गए है। चोरी के जब्त मोबाइलों की बाजार कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में सामने आया है कि पिछले लम्बे समय से गैंग वारदात को अंजाम दे रही थी। रेलवे स्टेशन व ट्रेन में चार्जिंग के समय मोबाइल को बड़ी चालाकी से चोरी कर लेते थे। पैसेंजर का ध्यान भटकाने के साथ ही टिकट कंफर्म करवाने का झांसा देकर मोबाइल पर ओटीपी देखने की कहकर छीन कर फरार हो जाते थे।

चोरी-छीने मोबाइल को बड़ी संख्या में इकट्ठा करने के बाद गैंग के बदमाश दिल्ली-बिहार में अलग-अलग लोगों को डिमांड पर बेचते थे। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आषंका जताई जा रही है।

योगाचार्य ढाकाराम को 'योग रत्न' उपाधि से नवाजा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राष्ट्रीय स्तर पर योग के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए योगापीस संस्थान के संस्थापक योगाचार्य ढाकाराम को आयोजित योग महोत्सव में योग रत्न उपाधि 2024 से सम्मानित किया गया। यह उपाधि उन्हें न्यू एज योगा संस्थान के सीईओ योगाचार्य नितिन पतकी एवं इंडियन योगा एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसा योगेंद्र (हंसा मां) ने प्रदान की। इंडियन योगा एसोसिएशन राजस्थान के संयुक्त सचिव योगी मनीष विजयवर्गीय ने बताया कि

आयोजित महोत्सव की थीम प्राणायाम और ध्यान रहा जिसमे प्राणायाम एवं ध्यान के महत्त्व द्वारा व्यक्तित्व के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास के पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए हंसा मां एवं योगाचार्य ढाकाराम ने महोत्सव में उपस्थित सैकड़ो योग प्रेमियों को प्राणायाम और ध्यान के संबंध में मार्गदर्शन कर योग साधना निरंतर रखने की प्रेरणा दी।

सूर्यकॉन जयपुर और राजस्थान एनुअल सोलर अवार्ड्स 2024 का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। ईक्यू इंटरनेशनल मैगजीन द्वारा जयपुर सोलर एक्सपो और सूर्याकॉन जयपुर का होटल क्लार्क्स आमेर में 9 अगस्त को आयोजन किया जाएगा। इस साथ ही राजस्थान वार्षिक सोलर पुरस्कार का भी आजोयन किया जायेगा।

इस एक्सपो में 300 से अधिक प्रतिनिधियों और 50 से अधिक वक्ताओं के साथ, सम्मेलन में विभिन्न विषयों जैसे राजस्थान में सौर परियोजनाओं का भविष्य, राजस्थान राज्य के लिए 2024 में बाजार का दृष्टिकोण, सोलर पार्कों की स्थिति, निकासी चुनौतियां, 'भारत में विनिर्माण: सौर ऊर्जा के लिए मेक इन इंडिया का मूल्यांकन', 'सौर डीजल हाइब्रिड प्रणाली', 'प्रतिस्पर्धी माहौल में सौर छत परियोजनाओं के गुणवत्ता रखरखाव में सरकार की भूमिका' आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

लिपिक ग्रेड-।।/ कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा रविवार को

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा रविवार को लिपिक ग्रेड-।।/ कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती परीक्षा का आयोजन दो पारियों (प्रथम पारी प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक) जयपुर शहर के 84 केंद्रों पर होगा।जिसमें कुल 23 हजार 907 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 9 अगस्त से 11 अगस्त तक किया जाएगा। उक्त परीक्षा के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) सुमन पंवार को जिला समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

72 घंटे में 72 कांवड़िए 1008 किलोमीटर की यात्रा कर करेंगे भगवान का अभिषेक

कोटडी श्याम के ननिहाल पक्ष दिया परिवार ने यात्रा का देवली में स्वागत किया कावड़िये सरयू नदी के जल से करेंगे कोटडी श्याम भगवान का अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। कोटड़ी श्रीचारभुजा युवा शक्ति संगठन के तत्वावधान में आस्था के केंद्र श्रीकोटडी श्याम व धर्माऊ सरोवर स्थित नीलेश्वर महादेव का श्रावण मास में अयोध्या की सरयू नदी के जल से अभिषेक करने के लिए 72 सदस्यों का दल कोटड़ी श्याम दरबार से रवाना हुआ है।

इधर कोटडी श्याम ननिहाल पक्ष के राकेश दिया ने जानकारी में बताया कि डाक कावड़ यात्रा से पूर्व सुबह सवा 5 बजे ठाकुरजी का अभिषेक होगा। वहीं 9.15 बजे अयोध्या स्थित राम नाम बैंक में जमा होने वाली 58.25 करोड़ राम नाम संग्रह की पुस्तिकाओं की शोभायात्रा शुरू हुई है। आधा दर्जन वाहनों के साथ श्री चारभुजा युवा शक्ति संगठन के सदस्य 11.15 बजे अयोध्या के लिए रवाना हुए। सभी कावड़िए अयोध्या में रामलाल के दर्शन कर शुक्रवार को कावड़ में सरयू का जल भरकर फिर से शाम 4.15 बजे डाक कावड़ यात्रा शुरू होगी।जो लखनऊ, आगरा, भरतपुर, निवाई, देवली, जहाजपुर, पंडेर होकर 72 घंटे बाद सोमवार शाम 4 बजे कोटडी श्याम दरबार में पहुंचेगी। जहां कांवड़िए कोटड़ी श्याम दरबार की 108 परिक्रमा लगाएंगे। इस दौरान सरयू के जल से कोटडी श्याम दरबार व नीलेश्वर महादेव का जल अभिषेक किया जाएगा। राकेश दीया ने यह भी बताया कि उक्त यात्रा के देवली पहुंचने पर राजेंद्र टेंट हाउस पर भगवान चारभुजानाथ के ननिहाल की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान मौजूदा श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया।

उत्सव के रूप में आयोजित होगा हर घर तिरंगा अभियान

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अभियान को लेकर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर होंगे कार्यक्रम, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने हर घर तिरंगा अभियान को अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

चूरू (सुरेश शर्मा)। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिलेभर में उत्साह के साथ हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गुरुवार को इस संबंध में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर निर्देश दिए। वीसी में सीएस पंत ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत प्रदेश के सभी जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सभी जिलों में इसे लेकर तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में उत्सव का माहौल बने और प्रदेशवासियों में गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अभियान को पहले से और बेहतर रूप में क्रियान्वित किया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रारम्भ हुआ 'हर घर तिरंगा अभियान' प्रत्येक देशवासी को देश के प्रति अपने प्रेम को दर्शाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत प्रदेश भर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाए। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार, गृह विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, सार्वजानिक निर्माण विभाग प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता सहित सभी जिलों के प्रभारी सचिव, संभागीय आयुक्त एवं समस्त जिला कलक्टर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया।

जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर दिए निर्देश

जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी भी जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए प्रदेश स्तर से जुड़े रहे। उन्होंने मुख्य सचिव के निर्देशानुसार सभी जिला अधिकारियों को कार्यक्रम के आयोजन को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस तक कोई अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़े तथा हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता निभाए। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार करें। स्वतंत्रता दिवस को उत्सव मनाएं और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर देशप्रेम को प्रदर्शित करें।

हरित बड़नगर घर-घर पौधरोपण अभियान पंहुचा स्कूलों में, पानी एवं पेड़ पंचायत का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

पावटा (शशिकांत शर्मा)। हरित बड़नगर घर-घर पौधरोपण अभियान संयोजक एवं पर्यावरण विद् जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में चल रहा हरित बड़नगर घर-घर पौधरोपण अभियान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़नगर पहुंचा । प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम एवं हरित बड़नगर घर-घर पौधरोपण अभियान के संयुक्त तत्वावधान में पानी किसानी जवानी संवेदना यात्रा संयोजक दीप सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य में पौधारोपण कार्यक्रम के साथ ही पानी एवं पेड़ पंचायत का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य श्रवण लाल बुनकर ने सभी का अभिनंदन करते हुए हरित बड़नगर घर-घर पौधारोपण अभियान को सफल बताते हुए एक पेड़ मां के नाम लगाने एवं संरक्षण की बात कही। पूर्व प्रधानाचार्य भागीरथमल बुनकर एवं रमेश चंद्र धानका विद्यार्थियों को समझाया कि पेड़ों के संरक्षण में ही हम सब की खुशहाली है । उप सरपंच रोहिताश मीणा एवं सुगाराम यादव एवं घनश्याम टॉक ने सभी को आह्वान किया कि गांव में अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी देखभाल कर हरित बड़नगर घर-घर पौधरोपण अभियान को सफल बनाएं ।

हर घर तिरंगा अभियान' के तहत घर-घर फहराएं तिरंगा

जिला कलक्टर ने अधिकारियों की ली बैठक वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तर तक दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में उत्सव का माहौल बने और गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। गुरूवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने पंचायत समिति कोटपूतली के डीओआईटी वीसी कक्ष में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि अभियान के तहत जिले भर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने तिरंगा रैली में बाइक, कार एवं साइकिल के साथ ही ग्रामीण स्थानों पर ट्रेक्टर शामिल करने तथा कार्यक्रमों की संपूर्ण व्यवस्था मौसम को ध्यान में रखकर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कार्यक्रमों में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सोशल मीडिया पर तिरंगा सेल्फी के लिए भी आमजन और युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। अभियान के सफल आयोजन के लिए उन्होंने नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विभागवार दायित्व निर्धारित करने तथा जिला एवं ब्लॉक पर संपादित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत कार्ययोजना बनाकर कार्य संपादन के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

8 घंटे के शटडाउन के कारण बाधित रहेगी जलापूर्ति

अकेलगढ़ पम्प हाउस पर इन्टर कनेक्शन कार्य होंगे

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। शहर के मुख्य जल उत्पादन संयंत्र अकेलगढ़ में मानसून के दौरान आने वाले चंबल नदी के पानी में अत्यधिक टरबीडिटी (गंदलापन) को देखते हुए पूर्व तैयारी के मद्देनजर पम्पहाउस पर इन्टर कनेक्षन कार्य एवं पैनल बोर्ड की मरम्मत का कार्य 9 अगस्त (शुक्रवार) को किया जाना प्रस्तावित है। इन्टर कनेक्शन कार्य के लिए सुबह 11 से सांय 7 बजे तक (8 घण्टे) का शटडाउन लिया जाएगा। शटडाउन के कारण 9 अगस्त को सांयकाल की जलापूर्ति बाधित रहेगी तथा 10 अगस्त को प्रातः की जलापूर्ति कम दबाव से की जाएगी। शनिवार शाम से सामान्य दबाव से जलापूर्ति शुरू हो जाएगी। शुक्रवार के शटडाउन से नया कोटा का सम्पूर्ण क्षेत्र शहर दादाबाड़ी, बसन्त विहार, महावीर नगर, गणेश तालाब, शिवपुरा, किशोरपुरा, दशहरा मैदान, केशवपुरा, जवाहर नगर, षक्तिनगर, प्रतापनगर, शास्त्रीनगर, एवं नगर विकास न्यास द्वारा विकसित समस्त 16 कॉलोनियां, विज्ञान नगर, संजय नगर, उड़िया बस्ती, गणेष बस्ती, तलवण्डी, इन्द्रा विहार एवं राजीव गांधी नगर, कंसुआ, श्रीरामनगर, डीसीएम क्षेत्र, पावर हाउस कॉलोनी, इन्द्रा गांधी नगर, प्रेमनगर, गोविन्दनगर, अनन्तपुरा, रंगबाड़ी, चारदीवारी के अन्दर का समस्त क्षेत्र, टिपटा, कैथूनीपोल, पाटनपोल, मोखापाड़ा, श्रीपुरा, घंटाघर, चन्द्रघटा, रामपुरा, शोपिंग सेन्टर, छावनी-रामचन्द्रपुरा, कोटड़ी-गोवर्धनपुरा, बल्लभबाड़ी, बल्लभ नगर, गुमानपुरा, गायत्री विहार, बजरंग नगर, साजीदेहड़ा, आरपीएस कॉलोनी, बंजारा कॉलोनी आदि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता भारत भूषण मिगलानी ने उक्त क्षेत्र के पेयजल उपभोक्ताओं से 9 अगस्त को प्रात: काल की जलापूर्ति के समय ही आवष्यक मात्रा में पेयजल संग्रहण करने का अनुरोध किया है।

मोहित शर्मा एवं दिव्या शर्मा को मिला अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरुस्कार

बढ़ता राजस्थान

पावटा (शशिकांत शर्मा)। हमेशा वन्य जीवो की रक्षा करने वाले भांकरी निवासी मोहित शर्मा एवं दिव्या का अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरुस्कार 2022 के लिए चयन हुआ है बुधवार को हरियाली तीज को राज्य स्तरीय वन महोत्सव पर गाडोता मोजमाबाद दूद मे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपमुख्य मंत्री डॉ प्रेमचन्द बैरवा संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल वन मंत्री संजय शर्मा द्वारा मोहित शर्मा एवं दिव्या शर्मा को 50 हजार रुपये प्रशस्ति पत्र देकर अमृतादेवी विश्नोई स्मृति पुरुस्कार दिया गया। मोहित शर्मा एवं दिव्या शर्मा ने सर्वप्रथम 10 अक्टूबर 2019 को ग्राम भांकरी मे श्याम जी के मन्दिर के सामने श्वानो के हमले से छुडाकर मोर की जान बचाई उसी दिन से मोहित दिव्या दोनो भाई बहन ने संकल्प लिया था कि वन्यजीव एवं पशु पक्षी हमारी प्रकृति की धरोहर है इन्हे बचाना हमारा परम कर्तव्य है। 31 जनवरी 2020 को भांकरी मे मोहित दिव्या ने ग्रामीणो के साथ मिलकर गोतस्करो से 8 गायो को मुक्त करवाई कारोना काल मे लोग अपने घर मे कैद थे परन्तु मोहित शर्मा एवं दिव्या घायल पशु पक्षियो की रक्षा करने मे जुटे हुए थे पक्षियो के लिए दाने पानी की व्यवस्था मे जुटे हुए थे। इन दोनो भाई बहन का जीवो के प्रति इतना लगाव हो गया कि इन्होंने नील गाय बन्दर लंगूर जरख मोर बाज गीदड आदि वन्यजीवों की जान बचाई मोहित दिव्या को इन सभी कार्यों की प्रेरणा दादाजी वैद्य हनुमान प्रसाद मिश्रा जी ताऊजी प्राध्यापक गिरिराज प्रसाद शास्त्री रामकुमार शास्त्री की रही है। क्योंकि सर्वप्रथम कुत्तो से छुड़ाकर मोर की जान बचाकर मोहित दिव्या ने ताऊजी गिरिराज शास्त्री एवं रामकुमार शास्त्री को मोर की हालत दिखाई तो ताऊजी ने शाबासी दी । इनके पिता डॉ गौरीशंकर शर्मा का भी पूरा योगदान रहा है। डॉ गौरीशंकर शर्मा ने कहा कि मनुष्य अपनी पीडा बोलकर व्यक्त कर सकता है परन्तु ये बेजुबान अपनी पीडा व्यक्त नही कर सकते इनकी रक्षा करना ही हमारा परम कर्तव्य है।

हरियाली तीज पर किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

साहवा। मुख्यमंत्री पौधारोपण महाभियान हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान के दौरान हरियाली तीज के मौके पर ग्राम पंचायत साहवा की ओर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को हरियाली तीज के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर आयोजित अभियान के तहत ग्राम पंचायत की ओर से कस्बे के राजकीय विद्यालय खेल मैदान, झिराली जोहड़ी, मुक्ति धाम सहित सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण किया गया। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत की ओर से करीब 500 पौधे विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर ग्रामीणजनों के सहयोग से लगाए गए।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच कर्मचंद नैण, ग्राम विकास अधिकारी रामपत कसवा, ग्राम पंचायत एलडीसी प्रीति, वार्ड पंच गिरधारीलाल लम्माणी, वार्ड पंच संदीप उर्फ सैंडी पारीक, डॉक्टर श्रवण स्वामी, सैनी समाज संस्थान अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, बलवंत दुसाद, सोनू नाई, नरेंद्र वाल्मीकि, नानकसिंह सरदार सहित बड़ी संख्या में गांव के युवा ,महिलाओ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर उत्साह से पौधारोपण किया। इसी क्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर से भी मुख्यमंत्री पौधारोपण महाभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम पर बड़ी संख्या में पौधारोपण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सरदाराराम सैनी, महेंद्र सैनी, पोकरमल सैनी, भजनलाल बेरवाल, किसन सहू सहित विद्यालय स्टाफ और स्कूली बच्चों ने पौधारोपण किया।

होटल संचालक कर रहे घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। कस्बे में चल रहे होटलों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। इससे हादसे की आशंका रहती है। वहीं होटल संचालकों द्वारा दिखाने के लिए कमर्शियल सिलेंडर दुकानों पर रखा रहता है और उपयोग घरेलू गैस सिलेंडर का किया जाता है।होटल संचालकों पर खाद्य विभाग द्वारा लंबे समय से कार्रवाई नहीं करने पर इनके हौंसले बुलंद हैं। होटल संचालक बैखौफ होकर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। नियमानुसार होटल संचालकों को नीले रंग के कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का कनेक्शन लेना पड़ता है। कई होटल संचालकों द्वारा नीले सिलेंडर में घरेलू गैस सिलेंडर की गैस को रिफिलिंग कर उसका उपयोग किया जा रहा है। कोटपुतली शहर और हाईवे पर चल रही है ढाबों में आदि कई दुकानदारों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर का खुलकर उपयोग किया जा रहा है। इन्हें आसानी से इसका उपयोग करते हुए देखा जा सकता है। इन मार्गों से रोजाना जिम्मेदार अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। यह अधिकारी इन होटल संचालकों को घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए देखकर निकल जाते हैं। अधिकारी इन दुकानदारों पर कार्रवाई भी नहीं करते।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी चालीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की बांसवाडा टीम ने गुरूवार को कार्रवाई करते हुए पंचायत समिति घाटोल जिला बांसवाड़ा की महिला सहायक प्रशासनिक अधिकारी वर्षा सेठ को परिवादी से चालीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की बांसवाड़ा टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके बकाया वेतन का भुगतान करने तथा एम्पलाई आईडी ट्रांसफर करने की एवज में सहायक प्रशासनिक अधिकारी वर्षा सेठ अस्सी हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रही है। जिस एसीबी की बांसवाड़ा टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए सहायक प्रशासनिक अधिकारी वर्षा सेठ को चालीस हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

वृक्षारोपण हेतु हरियालो राजस्थान के अंतर्गत अल्ट्राटेक की पहल

कोटपूतली (नि.स.)। हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सी.एस.आर. के द्वारा निकटवर्ती गाँवों में लगभग एक हजार फलदार व छायादार पौधों का वितरण किया गया। जिसमें राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भैंसलाना, महात्मा गाँधी राजकीय विधालय गोरधनपुरा, महात्मा गाँधी राजकीय विधालय मोहनपुरा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रघुनाथपुरा व राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण विभाग आदि को पौधों का वितरण किया गया। सी.एस.आर मैनेजर राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा कुल 50 हजार पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है।

एक ही रात में बरसा साढ़े पांच इंच पानी, सुबह नींद से जागे लोग तो चारो और पानी ही पानी

- उपखण्ड के रामसागर बांध में चली ढाई फुट की चादर, बामनी नदी वर्षो बाद आई उफान पर
- नदी के उफान पर आने से कई गाँवो के रास्ते हुए बंद, निचले इलाको में पानी भराव

तालाबशाही का आरटी बांध भी झलका, अब तक सीजन की हुई 75 प्रतिशत से अधिक बारिश

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)। उपखंड क्षेत्र में बुधवार की रात ऐसी बारिश हुई कि गुरुवार को सुबह लोग जब सोकर उठे तो चारो ओर पानी ही पानी दिखाई दिया। तेज बारिश से उपखंड का रामसागर बांध लबालब हो गया । ऐसे में रामसागर बांध पर करीब ढाई फुट की चादर चल रही है वही तालाबशाही का आरटी बांध भी झलक रहा। बुधवार की रात 12 बजे से शुरू हुआ बारिश का दौर गुरुवार सुबह 6 बजे तक लगातार जारी रहा। जिससे क्षेत्र के नदी,नालों और बांधो में बंपर पानी की आवक की है।

धौलपुर सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश धौलपुर जिला मुख्यालय पर दर्ज की गई है। जो 148 में यानी 6 इंची के करीब है। वही बाड़ी में 140 एमएम यानी साढ़े पांच इंच और तालाब शाही बांध पर करीब 6 इंच बारिश हुई है। जिले में सबसे अधिक बारिश उर्मिला सागर बांध पर 160 एमएम यानी 6 इंच से अधिक दर्ज हुई है। आंगई में 66 एमएम, बसेड़ी में 60 एमएम,सैपऊ में 39 एमएम के साथ जिले के राजाखेड़ा में 49 एमएम बारिश दर्ज की गई है। जो बारिश के इस मौसम में 24 घंटे में सर्वाधिक है।

रामसागर बंद पर करीब ढाई फुट की चादर : सिंचाई विभाग के एक्सईएन राजकुमार सिंघल ने बताया कि देर रात हुई बारिश से बाड़ी उपखंड के रामसागर बांध में 04 फुट से अधिक पानी की आवक हुई है। जिससे बांध लबालब हो गया है और ढाई फीट की चादर चल रही है। वही तालाबशाही बांध भी पूरा भर गया है और उस पर चादर चलने लगी है। वही उर्मिला सागर बांध,हुसैनपुर बांध,उमरेह बांध में भी पानी की लगातार आवक जारी है। जो भरने के करीब पहुंच गए हैं।

होद मोहल्ले के साथ कच्ची बस्तियों में पानी भराव : करीब 6 घंटे हुई बारिश से शहर के होद मोहल्ले के साथ कई कच्ची बस्तियों में पानी भराव की समस्या हुई है। सरमथुरा रोड,संत नगर रोड,कहार गली के साथ धौलपुर रोड़ पर तिवरिया के पास वार्ड 28 के तिलुआ के अड्डा पर भी पानी भरने से लोगो को परेशानी हुई है। यहां नाला अवरुद्ध होने से गली और मोहल्लो के साथ घरो में पानी भर गया है। कई कच्चे घर धराशाही हुए है।.संतनगर रोड़ पर स्थित 133 केवी जीएसएस में पानी भरने से बिजली सप्लाई बाधित हुई है। शहर के बाजार में भी पानी भराव होने से दुकानदारों को परेशानी हो रही है।

पूर्व विधायक की लोगो से अपील, पानी से रहे दूर

तेज बारिश के बाद नदी नालो में आये पानी और उसे देखने पहुंच रहे लोगो को लेकर संतनगर पुलिया पर पहुंचे पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा ने बताया की सं 1996 के बाद बामनी नदी में इस प्रकार वेग के साथ पानी आया है जो खुशी की बात है लेकिन देखने पहुंच रहे युवा और लोगो से पानी के नजदीक नहीं जाये। जिससे कोई हादसा हो ,सभी लोग सावधानी बरते और बारिश का आनंद ले।

अब तक हुई पूरे मानसून सीजन की 75 प्रतिशत से अधिक बारिश

सिंचाई विभाग के आंकड़ों के अनुसार धौलपुर जिले में एक मानसूनी सीजन में 650 एमएम बारिश होती है जिसमें से अब तक 75प्रतिशत से अधिक बारिश दर्ज हो चुकी है। बाड़ी उपखंड क्षेत्र में जिले में सर्वाधिक 85प्रतिशत के करीब बारिश हो चुकी है। सिंचाई विभाग के एक्सईएन राजकुमार सिंघल ने बताया कि 650 एमएम बारिश की तुलना में धौलपुर में 451एमएम,बाड़ी में 575 एमएम,बसेड़ी में 570 एमएम और उर्मिला सागर पर 571 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

महर्षि चरक जयंती विशेष

आयुर्वेद के महान आचार्य एवं विश्व के प्रथम चिकित्सक शेषावतार महर्षि चरक की जयंती आज

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। विश्व आयुर्वेद परिषद के चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी डॉण् पवन सिंह शेखावत ने बताया की अथर्ववेद के उपवेद और पंचमवेद आयुर्वेद के आदि चिकित्सक महर्षि चरक को भगवान शेषनाग का अवतार माना जाता है। उनका जन्म ईसा से 200 वर्ष पूर्व कश्मीर में पुंछ के पास कपिष्ठल नामक गांव में हुआ था। श्वेत वाराह पुराण के अनुसार उनका जन्मदिन श्रावण शुक्लपक्ष नागपंचमी इस बार 9 अगस्त 2024 को मनाया जाता है। उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में भगवान शेषनाग के कपाट भी आज ही के दिन खोले जाते हैं। महर्षि चरक ने अपने जीवन काल में पीड़ित मानवता की सेवा के लिए देशभर में विभिन्न स्थानों पर घूमते हुए चिकित्सा का कार्य और उसका प्रचार किया। इसी कारण ष्चरकात् चरकरूष् नित्यप्रति घूमने के कारण उनका नाम चरक पड़ा। उन्होंने ष्आर्तारू पुत्रवत आचारेत्ष् यानी रोगी से पुत्र के समान व्यवहार करने सहित अनेक सिद्धांतों का प्रतिपादन कर चिकित्सक समाज के लिए एक मिशाल कायम की। हिमाचल प्रदेश के एक गांव का नाम आज भी चरेख.डांडा है। मान्यता है कि इसी पहाड़ी पर महर्षि चरक ने तपस्या की थी। इस स्थान पर विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रयासों से महर्षि चरक की मूर्ति स्थापना की गई है। जहां आसपास के आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र चरक जयंती के अवसर पर चरक.यात्रा आदि का आयोजन करते हैं।

प्रकृति का श्रृंगार है पेड़ पौधे पर्यावरण संतुलन के लिये पेड़ लगाना जरूरी : राजेश कुमार शर्मा

पीएम श्री स्कूल शेरपुर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने रोपे पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। मुख्यमंत्री की पहल पर हरियालो राजस्थान 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत पीएम श्री महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन पुलिस उपाधीक्षक मनियां राजेश कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में स्कूल के संस्था प्रधान राजेश शर्मा ,छात्र-छात्राओं ,शिक्षकों तथा अभिभावकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्कूल कैम्पस ,खेल मैदान सार्वजनिक स्थानों पर 151 पौधे रोपे गये तथा पौधों को नियमित पानी देने गुड़ाई व देखभाल का संकल्प लिया गया ।मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार शर्मा ने कहा कहा कि पृथ्वी को हरा भरा रखने के लिये स्कूली विद्यार्थियों ,शिक्षकों एवं आमजन को अपने-अपने घरों, खेत खलियान व सार्वजनिक स्थानों पर वर्षा ऋतु में पौधे लगाने चाहिए।वर्तमान समय में पेड़ो की अंधाधुंद कटाई से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि धरती को हरा भरा बनाने एवं पर्यावरण को संतुलित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम अभियान में प्रत्येक नागरिक को सहभागी बनकर कम से कम एक पौधा लगाकर बड़े होने तक उसकी सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे प्रकृति का श्रंगार होते हैं। पेड़ो से ही वातावरण शुद्ध भी रहता है।इस मौके पर अध्यापक हरिशंकर शर्मा,गजेंद्र सिंह, अमित कुमार शर्मा ,शैलेंद्र सिंह, राम शंकर व बिरखूलाल सहित बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी अभिभावक मौजूद रहे।

राजकीय महाविद्यालय बाड़ी मे गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (नि.स.)। राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में गुरु बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मां शारदे के सम्मुख द्वीप प्रजल्वित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि डॉक्टर पी एस तिवारी जिला अध्यक्ष एबीवीपी धौलपुर, ओम प्रकाश शर्मा प्रांत प्रमुख जयपुर ,अभिनव सिंह एबीवीपी जयपुर एवं प्राचार्य डॉक्टर एम के सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर पीएस तिवारी द्वारा महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को गुरु शिष्य परंपरा सम्मान व गुरुओं के आशीर्वाद स्वरुप वचनों का जीवन में महत्व समझाया। अभिनव सिंह ने बताया कि आधुनिक समय में गुरुओं का शिष्यों के मध्य पहले जैसी सद्भावना में कमी आई है। भारत प्राचीन काल से धार्मिक मान्यताओं गुरु शिष्य परंपरा का धनी रहा है। साथ ही ओमप्रकाश द्वारा महाविद्यालय छात्रों को अपने जीवन में सदुणों का अपनाना चाहिए माता-पिता बड़े बुजुर्गों व गुरुओ का सम्मान करना चाहिए। राजकीय महाविद्यालय बाड़ी के प्राचार्य डॉक्टर एम के सिंह स्वयं ऐसे गुरु हैं जिन्होंने अपने जीवन में अनेक शिष्यों को सदमार्ग पर चलना सिखाया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ कबीर शरण द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय बाड़ी व कन्या महाविद्यालय के समस्त व्याख्यातागण, विद्यार्थी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

स्कूली बच्चों को कौशल से जोड़ने के लिए गायत्री परिवार ने लगाया शिविर

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। गायत्री परिवार अलवर की और से गुरूवार को गवर्नमेंट नवीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया। यहां पर विद्यार्थियों को मेडिटेशन की विद्यार्थी जीवन में आवश्यकता और उसके लाभ, गायत्री मंत्र का वैज्ञानिक प्रतिपादन, विद्यार्थी जीवन में आदर्श दिनचर्या और उसका महत्व आदि विषय पर मार्गदर्शन गायत्री परिवार की मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी डॉ.सरोज गुप्ता के द्वारा दिया गया और उन्होंने बताया कि जीवन में श्रेष्ठ संस्कारों का बीजारोपण कर भावी पीढ़ी को अखंड व्यक्तित्व के मार्ग पर अग्रसर करना ही ऐसे किशोर कौशल शिविर का उद्देश्य है। वहां पर स्टाफ ने और प्रिंसिपल साहब ने नो बैग डे पर भी शनिवार को आकर बच्चों में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के बारे में बताने का आग्रह किया और सभी स्टाफने इस कार्यक्रम को सराहा। स्कूल को 50 पौधे गायत्री परिवार एवं आराधना ग्रुप की तरफ से भी दिए गए और वृक्षारोपण भी संपन्न किया गया स्कूल को पहले भी 65 पौधे गायत्री परिवार व आराधना ग्रुप की तरफसे दिए जा चुके हैं टोटल 115 पौधे स्कूल को प्रदान किए जा चुके है इस दौरान गायत्री परिवार की ट्रस्टी श्रीमती शशी गुप्ता और शकुंतला मौजूद रही।

खाद-बीज खरीदने के बहाने आये अज्ञात चोर ने दुकानदार का मोबाइल किया पार, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना, पुलिस में मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (नि.स.)। शहर के सैपऊ रोड रेलवे स्टेशन के पास मनीष खाद बीज की दुकान से खाद-बीज खरीदने के बहाने आए एक अज्ञात शख्स द्वारा मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। जिसमें 35 सेकंड के अंदर दुकान के काउंटर पर रखे करीब बीस हजार रुपये की कीमत के मोबाइल को चोर उड़ा ले गया है। घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार द्वारा कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच और आरोपी की तलाश में जुटी है। शहर के मलक पाड़ा निवासी पीड़ित खाद बीज दुकानदार मनीष कुमार मित्तल पुत्र त्रिलोकी नाथ ने बताया कि वह सैपऊ रोड रेलवे स्टेशन के पास खाद बीज की दुकान चलाता है। जिस पर दिनांक 6 अगस्त मंगलवार को दिन में 12 से 01 बजे के बीच यह घटना हुई है। उसकी दुकान पर लखेपुरा गांव निवासी अमृतलाल घुरैया एक अन्य व्यक्ति के साथ खाद बीज खरीदने आया। जब वह खाद-बीज लेने के लिए दुकान के अंदर गया तो साथ आए व्यक्ति ने काउंटर पर रखें मोबाइल को चुरा लिया। दोनों लोग बाद में दुकान से गायब हो गए। मामले को लेकर अमृतलाल और साथ आये अज्ञात शख्स की तलाश की तो कोई नहीं मिला। ना ही उसकी अब कोई जानकारी मिल रही है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। जिसमें चोर काउंटर पर रख मोबाइल को चुरा कर लेकर जा रहा है।

श्री महावर समाज महिला मंडल बहरोड कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए

बढ़ता राजस्थान

बहरोड़ (सुभाष यादव)। गुरुवार को श्रीमहावर समाज महिला मंडल बहरोड के कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए,जिसमें अध्यक्ष आशा गुप्ता धर्मपत्नी सुरेश चंद गुप्ता मुंडावर वाले सचिव धनवंती गुप्ता धर्मपत्नी सतीश गुप्ता खोहर बसई वाले एवं कोषाध्यक्ष सरोज गुप्ता धर्मपत्नी घनश्याम गुप्ता पदमाडा वाले को सर्व सहमति से चुना गया कार्यक्रम की अध्यक्षता महावर धर्मार्थ ट्रस्ट के संरक्षक दिनेश गुप्ता बसई वालों ने की एवं चुनाव अधिकारी गोविंद शरण गुप्ता बड़ोद वाले रहे कोऑर्डिनेटर के रूप में शंभू दयाल गुप्ता पूर्व सचिव एवं व्यवस्थापक श्री महावर धर्मार्थ ट्रस्ट बहरोड रहे इस अवसर पर महावर धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष एस.सी .गुप्ता सचिव सुरेश गुप्ता हमींदपुर वाले महावर समाज के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ,सचिव मोहन गुप्ता ,कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता ,महावर समाज के पूर्व अध्यक्ष सतीश गुप्ता ,सचिन गुप्ता, दिनेश गुप्ता ,मिंटू गुप्ता, पिंटू गुप्ता महिला मंडल की निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती रमा गुप्ता सचिव सुनीता गुप्ता कोषाध्यक्ष शालू गुप्ता ,कपूरी गुप्ता ,मंजू गुप्ता ,विनीता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, डॉ.निकिता गुप्ता, करुणा गुप्ता ,रजनी गुप्ता, सुमन गुप्ता, लता गुप्ता ,मधु गुप्ता, प्रीति गुप्ता,सहित समाज सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही ।

बिजौली गौशाला पर किया गया वृहद पौधारोपण कार्यक्रम : धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा एवं गौशाला अध्यक्ष सुनील गर्ग के नेतृत्व में आयोजित हुआ कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (धौलपुर)। राजस्थान में चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत हरियाली तीज के अवसर पर बिजौली स्थित परशुराम सेवा संस्थान गौशाला पर एक बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया है। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल कुमार ,बाड़ी के पुलिस उपअधीक्षक नरेंद्र कुमार, जिला परिषद सीईओ सुदर्शन सिंह तोमर, पंचायत समिति बाड़ी के वृहद रामबोल सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के साथ-साथ सभी लोगों ने वहां पर बन रही नई नंदी शाला का भी अवलोकन किया गया जिसमें 250 नंदी रखे जाएंगे। पोधारोपण के लिए गौशाला पर एक विशेष जगह को चुना गया जिसकी चारों तरफ लोहे की जाली की एक बाउंड्री की गई है जिससे वहां उपस्थित पशुओं से पौधों को बचाया जा सके। एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान को सार्थक करते हुए गौशाला के सभी सदस्यों ने पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। इसमें विभिन्न विभिन्न प्रकार के छायादार वृक्ष जैसे जामुन, पाखर ,पीपल, अशोक, कदम, खेजड़ी लगाए गए जो कि भविष्य में बहुत ही उपयोगी रहेंगे व पर्यावरण को भी शुद्ध करेंगे एवं पशुओं के लिए भी चारा एकत्रित होता रहेगा आज के इस कार्यक्रम में पशुपालन विभाग धौलपुर के उपनिदेशक डॉ संत सिंह मीणा, डॉ सीमा मीणा, पंचायत समिति बाड़ी के पीओ राजेश शर्मा, गौशाला के महामंत्री मनोज मोदी, विष्णु मेहरी ,आदि लोग उपस्थित रहे।

निरंकारी मिशन द्वारा वन नेस वन परियोजना के चौथे चरण का हुआ आयोजन, अलवर के जीडी गर्ल्स कॉलेज में होगा वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं पूज्य निरंकारी राजपिता रमित जी के दिव्य मार्गदर्शन एवं पवन आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण हेतु वन नेस वन नामक मेगा वृक्षारोपण परियोजना का आरंभ किया गया इस परियोजना का लक्ष्य वृक्षों के समूह का रोपण एवं उनकी देखभाल करना था जिसके स्वरूप में अब वर्ष दर वर्ष निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसी क्रम में अलवर में जिला संयोजक सोमनाथ जी के मार्गदर्शन व सेवा दल संचालक सिली राम जी की देखरेख में वन नेस वन 'प्रोजेक्ट के अंतर्गत यह कार्यक्रम 11 अगस्त रविवार को जीडी कॉलेज में प्रात: 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी सेवा दल के भाई बहन सहित संगत के सभी सदस्य सम्मिलित होकर अपना योगदान करेंगे। संत निरंकारी मंडल के सचिव आदरणीय आदरणीय जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि 2021 में आयोजित वन नेस वन परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष में लगभग डेढ़ लाख के करीब वृक्षारोपण किया गया जिसके परिणाम स्वरूप इन वृक्षों के समूह में इतना अधिक विस्तारण हुआ कि अब यह एक लघु वन के रूप में प्रदर्शित हो रहा है मिशन के सेवादारों द्वारा इन वृक्षों को फलित एवं पोषित रखने हेतु उन्हें स्थानीय जलवायु एवं भौगोलिक परिवेश के अनुसार ही रोपा जा रहा है। समाज कल्याण के लिए आवश्यक इस परियोजना को क्रियान्वित करने हेतु संत निरंकारी वेजिटेबल फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में औरनए स्थान जोड़कर इस अभियान के चौथे चरण की सेवाओं का आरंभ 11 अगस्त रविवार को संपूर्ण भारत वर्ष के लगभग600 से अधिक स्थानों पर विशाल वृक्षारोपण के रूप में आरंभ किया जा रहा है इसमें मिशन के सभी स्वयं सेवक एवं अनुयाई सम्मिलित होकर करीब 10 लाख वृक्ष लगाएंगे ताकि यह प्रथम चरण की की भांति लघु वन के रूप में प्रफुल्लित हो सके। निरंकारी मिशन समय-समय पर ऐसी कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित कर पर्यावरण संरक्षण और धरती को संवारने में अहम भूमिका निभाता है।

श्रावण मास में महादेव भक्तो ने मनसा पूर्ण महादेव का व्रत प्रारंभ किया

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। भूत भावन आशुतोष भगवान शंकर के परम प्रिय श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से ही महादेव भक्तों ने मनसा पूर्ण महादेव का व्रत प्रारंभ किया।जो कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तक किए जाएंगे।अपनी मनवांछित कामना की पूर्ति हेतु भगवान शिव के मंशापूर्ण महादेव व्रत चार माह के दौरान किए जाएंगे।भक्तों द्वारा शक्तिपति भगवान शिव की पंचामृत जल इत्र तथा दूध दही से शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है।इसके उपरांत भक्त मनसा पूर्ण महादेव की कथा का नियमों सहित श्रवण करते हैं।इसी क्रम में कपासन नगर में स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन सोमेश्वर महादेव मंदिर पर महिलाओं,पुरुषों एवं श्रद्धालुओ ने भगवान शंकर मंशापूर्ण व्रत का नियम धारण किया।गुरुवार प्रात: 5 बजे से ही व्रत धारण करने वाले श्रद्धालु मंदिर पर पहुंचना शुरू हो गए जहां पर भगवान शंकर माता पार्वती तथा गजानन एवं कार्तिकेय सहित शिव पंचायत परिवार की पूजा अर्चना कर उनकी कृपा हेतु प्रार्थना की।

कोटा के राजवर्धन सिंह ने फुटबॉल अंडर 17 में हासिल किया स्वर्ण पदक

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। ग्वालियर में आयोजित यूथ गेम्स नेशनल चैंपियनशिप 2024 में कोटा के जेईन नगर निवासी राजवर्धन सिंह हाड़ा ने फुटबॉल अंडर 17 में राजस्थान की तरफ से खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। राजस्थान के टीम मैनेजर व कबड्डी कोच तरसेम सिंह सरा ने बताया कि राजवर्धन ने पहले मुकाबले बहुत ही शानदार प्रदर्शन कर महाराष्ट्र को 3 1 से हराया और सेमीफाइल मुकाबले में उतर प्रदेश को 3 1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई फाइनल मुकाबले में राजवर्धन ने शानदार खेल दिखाकर 2 गोल कर हरियाणा को 4 2 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया इस अवसर मुख्य अतिथि आईपीएस कॉलेज मैनेजमेंट ग्रुप के डायरेक्टर अरुण कुमार त्यागी क्रीड़ा भारती केराष्ट्रीय सचिव व पुर्व डारेक्टर शारीरिक शिक्षा विभाग जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर राजेंद्र गुर्जर यूथ गेम्स डेवलपमेंट ऑफ इण्डिया के फाउंडर जीतू गुर्जर कोटा के तीरंदाजी के जिला अध्यक्ष बृजपाल सिंह सोलंकी आदि गण मान्य लोग उपस्थित थे।

भारत विकास परिषद द्वारा आज कपासन में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। भारत विकास परिषद द्वारा विशाल नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का नगर में शुक्रवार को आयोजन किया जायेगा। भारत विकास परिषद कपासन अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा 9 अगस्त शुक्रवार को नगर की रामलालजी सोमानी धर्मशाला मे अहमदाबाद के प्रसिद्ध डॉ. विजय बंग द्वारा जोड़ एवं प्रत्यारोपण कि जाँच कर रोगियों को उचित चिकित्सा परामर्श प्रदान किया जायेगा।उक्त शिविर प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा।इस शिविर मे रोगियों को पूर्व कि जांच रिपोर्ट एवं एक्सरा साथ लाना होगा।साथ ही शिविर मे लाभार्थियों हेतु अहमदाबाद मे आरजीएचएस,सीजीएचएस,इसीएचएस सुविधा उपलब्ध है। शिविर के सफल आयोजन हेतु डॉ. सुरेंद्र सिंह देवल,रोशनलाल सेठ,वैद्य महेंद्रमोहन दाधीच, मुरलीमनोहर जोशी,भगवतीलाल सोमानी,बादशाह सिंह,नंदलाल बोहरा,रमेशचंद्र विजयवर्गीय, दिलीप बारेगामा,राजेंद्र काबरा,रतनलाल आचार्य, ओमप्रकाश न्याती सहित परिषद के कार्यकर्तागण अंतिम व्यवस्थाओं में जुटे हुवे है।

कोटा में मल्टीस्टोरी और हॉस्टलों में बेसमेंट का निरीक्षण, कोचिंग संचालकों को किया पाबंद

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। शहर में मल्टीस्टोरी, भवनों और हॉस्टलों में बेसमेंट में चल रही व्यवसायिक गतिविधियों की चैकिंग निगम टीमों की तरफ से की जा रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास के अनुसार 15 फायरमैन की टीम गठित की गई है। जो अलग-अलग इलाकों में औचक निरीक्षण कर रही है। टीमों ने राजीव गांधी नगर, इन्द्रा विहार, जवाहर नगर, तलवण्डी, इण्डस्ट्रियल एरिया, इलेक्ट्रोनिक्स कॉम्प्लेक्स, कोरेल पार्क, लैण्डमार्क कुन्हाडी क्षेत्र में स्थित अनएकेडमी, वाईब्रेट एकेडमी, विद्यापीठ फिज़िक्स वाला, रेजोनेंस, एलन इंस्टीट्यूट, आकाश इंस्टीट्यूट, मोशन कोचिंग इंस्टीट्यूट परिकालक लाईब्रेरी के भवनों के बेसमेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामने आया कि कोचिंग संस्थानों में बेसमेंट में संचालित लाइब्रेरी और अन्य प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों को दिल्ली हादसे के बाद 30 जुलाई को ही बंद कर दिया गया था। अधिकांश भवनों के बैसमेंट को पार्किंग के रूप में उपयोग में लिया जा रहा है। राजीव गांधी नगर स्थित मल्टीस्टोरी के बैसमेंट में संचालित कंप्यूटर लैब एवं टेस्ट सेंटर को पहले से ही बन्द कर रखा रखा था। कोचिंग संचालकों को बेसमेंट में शिक्षण कार्य, लाईब्रेरी, स्टोर तथा अन्य व्यवसायिक गतिविधियां बंद रखने के लिए पांबद किया गया है। वहीं कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त हॉस्टल एवं व्यावसायिक गतिविधि वाले बैसमेंट वाले भवनों को 10-10 नोटिस जारी किए है। लाईब्रेरी व मैस बन्द करवाया गया। इस प्रकार अब तक कोटा उत्तर में 75 तथा कोटा दक्षिण में 50 नोटिस जारी किए जा चुके है।

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान 94 संस्थानों का निरीक्षण कर 27 नमूने लिए

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ. रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे है। अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि दिनाकं 7 व 8 अगस्त को रामपुरा, अग्रसेन बाजार में 90 संस्थानों का सघन निरीक्षण किया , यहां पर अधिकांश दुकानें पर लाईसेंस बना हुआ पाया गया परन्तु कर्मचारियों का मेडिकल सर्टिफिकेट एंव पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट अधिकांश दुकानें पर नहीं पाया गया जिसके लिए उनको खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के नियम 32 के तहत नोटिस दिया जाएगा। साथ ही बोरखेडा स्थित एक रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के 8 नमूने, नमकीन बनाने के कारखाने का निरिक्षण कर 9 नमूने व किराना स्टोर का निरीक्षण कर 8 नमूने खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिए गये।7 अगस्त को रानपुर इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित एक तेल फैक्ट्री से दो नमूने तेल के लिए गए। इस प्रकार 94 संस्थानों का निरीक्षण कर कुल 27 नमूने खाद्य सुरक्षा एवम् मानक अधिनियम के अन्तर्गत लिए गए नमूनो को खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला कोटा में भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी ।टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन ,नितेश गौतम मौजूद रहे।

योगेंद्र को मदद : उपमहापौर पवन मीणा ने आर्थिक सहयोग के साथ नीम का पौधा भेंट किया

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे योगेंद्र मीणा के इलाज के लिए चलाए जा रहे सहायता अभियान में उपमहापौर पवन मीणा ने उनके पिता को 10,000 का चेक देकर मदद की। इसके साथ ही उन्होंने परंपरागत तरीके से नीम का पौधा भी भेंट किया, जो जीवन में सकारात्मकता और स्वास्थ्य का प्रतीक माना जाता है।

मीणा ने कहा योगेंद्र की मदद के लिए यह हमारा छोटा सा प्रयास है। मैं सभी से निवेदन करता हूँ कि इस नेक कार्य में आगे आकर अपना योगदान दें। योगेंद्र के इलाज के लिए अभी और धनराशि की जरूरत है और हम सभी की थोड़ी-थोड़ी मदद मिलकर एक बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने यह अभियान सिर्फ योगेंद्र की सहायता के लिए नहीं, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश देने के लिए शुरू किया है। उन्होंने यह भी अपील की कि लोग आगे आकर मदद करें और इस अभियान को सफल बनाएं। इस मौके पर पवन मीणा के साथ अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे, जिन्होंने योगेंद्र के परिवार को समर्थन और सहायता देने का आश्वासन दिया।

थाना परिसर में साइबर क्राइम की बैठक का आयोजन गणमान्य नागरिक सहित महिलाओ को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी

बढ़ता राजस्थान

अंता (नि.स.)। पुलिस थाना परिसर में सहायक उप निरीक्षक घनश्याम मीणा एवम् पुरुषोतम मालव की अध्यक्षता में साइबर क्राइम की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे गणमान्य सहित महिलाओ को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया की साइबर क्राइम एक ऐसी क्रिमिनल एक्टिविटी है, जिसके माध्यम से कंप्यूटर, मोबाइल फोन या किसी भी डिजिटल डिवाइस के जरिए आसानी से ठगी की जा सकती है । इसके अंतर्गत हैकिंग ,ऑनलाइन ठगी, प्राइवेसी लिक, साइबर बुलिंग आदि एवं इसी प्रकार के अन्य अपराधों को अंजाम दिया जाता है द्यइस समय सबसे ज्यादा ऑनलाइन ठगी की जा रही है, जिसमें लोगों से फॉड करके ऑनलाइन पैसे लूट लिए जाते हैं। ईमेल पर स्पैम मैसेज के जरिए लिंक के माध्यम से डिवाइस हैक हो जाता है। इसी के साथ सभी को सावधान रहने की सलाह देते हुए टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई। मीटिंग के दौरान उपस्थित लोगों ने मोबाइल के कारण बच्चों के साइबर क्राइम के क्षेत्र में बढ़ते अपराधों की भी चर्चा की ।

एन.एस.यू.आई. प्रदेशाध्यक्ष जाखड़ के प्रथम बार चित्तौड़गढ़ आगमन पर पदाधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत अभिनंदन

छात्र संघ चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट पर घेराव कर ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

निंबाहेड़ा (नि.स.)। निंबाहेड़ा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना के नेतृत्व में बुधवार को दोपहर 2 बजे गंगरार टोल प्लाजा पर जोधपुर से चित्तौड़गढ़ आगमन पर एवम् छात्र संघ चुनाव को लेकर एक दिवसीय दौरे पर आए एन. एस. यू.आई. प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ का समस्त उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात् गंगरार टोल प्लाजा से प्रदेशाध्यक्ष जाखड़ और चित्तौड़गढ़ के समस्त एन. एस. यू. आई. पदाधिकारीगण काफिले के साथ ज़िला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे वहां छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन किया तथा महामहिम राज्यपाल के नाम ज़िला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रोमिल चौधरी, साजन सोनी,युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिग्वेंद्र प्रताप सिंह, किराना व्यापार संघ अध्यक्ष आशीष अग्रवाल,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संजय उपाध्याय, नगरपालिका पार्षद नितेश लोट,एवम एन.एस.यू.आई.से भंवर सिंह,अनिल प्रजापत,सूरज मीणा,राघव लढ़ा,रोशन कुमावत,मुकेश धाकड,आशीष अग्रवाल,अर्पित आंजना,विपिन आंजना,समरथ रैगर, कन्हैया लाल धाकड़, शाहरूख खान,विपिन सोनी,रोहित जाजू ,आशीष,सौरभ जैन, जसवंत,आदित्य पहाड़िया, हरिकिशन, संजय गायरी, एवम् राहुल सुथार सहित बड़ी संख्या में एन. एस. यू. आई. के कार्यकर्त्तागण उपस्थित थे।

21 दिवसीय आगम रथ यात्रा का समाज के लोगो द्वारा किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

चौमहला (नि.स.)। झालावाड़ जिले के चौमहला में जैन आचार्य आनंद सुरीश्वर जी महाराज के 150 वे जन्म जयंती के उपलक्ष में जैन श्वेताम्बर मालवा संघ नवरत्न परिवार द्वारा निकाली जा रही 21 दिवसीय आगम रथ यात्रा गुरुवार को चौमहला पहुंची जिसकी जैन श्री संघ द्वारा अगवानी की गई।

जैन आचार्य आनंद सुरीश्वर जी महाराज के 150 वे जन्म जयंती के उपलक्ष में जैन श्वेताम्बर मालवा संघ नवरत्न परिवार द्वारा निकाली जा रही 21 दिवसीय आगम रथ यात्रा 5 अगस्त से जयपुर से शुरू हुई जो गुरुवार को चौमहला पहुंची, आगम रथ यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गो से गुजरी जिसका समाज के लोगो द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर जैन श्री संघ अध्यक्ष केसरीमल जैन,मनोहर ओसवाल, गौतम जैन,हंसराज जैन,मांगीलाल जैन,पवन पिछोलिया,विनोद जैन,अरविंद महाजन,शीतल जैन,मुकेश पिछोलिया, समरथ भंडारी,सुरेश जैन,अक्षय जैन,नमन जैन,पीयूष जैन,दिनेश पोरवाल सहित समाज के महिला पुरुष मोजूद रहे।

रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का जिला शिक्षा अधिकारी ने अवलोकन किया

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। सात दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का ब्लॉक स्तरीय आयोजन किया जा रहा है।जिसका जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। जानकारी अनुसार ब्लॉक स्तरीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का राजमार्ग स्थित सज्जन वाटिका में आयोजन किया जा रहा है।जिसका गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा मुख्यालय चित्तौड़गढ़ राजेंद्र कुमार शर्मा द्वारा अवलोकन किया गया।इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण के महत्व को स्पष्ट करते हुवे बालिकाओं में आत्मरक्षा आत्मविश्वास की भावनाओ को जागृत कर उनको सबल एवं सजग बालिका के रूप में प्रतिष्ठित करने पर बल दिया गया।मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन डॉ. राम सिंह चुंडावत द्वारा प्रत्येक विद्यालय से बालिकाओं हेतु प्रशिक्षण ले रही महिला पीईटी शिक्षको को आत्मरक्षा तकनीकों पर तैयार करने एवं बाल अधिकार संबंधित जानकारी प्रदान की गयी।प्रशिक्षण प्रभारी एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण बाद उक्त प्रशिक्षक अपने विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले आत्मरक्षा शिविर कुल 45 दिन में बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देंगे।

निजी बिजली कंपनी के खिलाफ यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन, नारेबाजी कर अधिकारी को सौंपा लालटेन

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। अघोषित बिजली कटौती व मनमानी के विरोध में कोटा में गुरुवार को यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। यूथ कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधींद्र मूंड की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने निजी बिजली कंपनी केईडीएल के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बिजली कंपनी अधिकारी को लालटेन सौंपा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने गुमानपुरा स्थित केईडीएल ऑफिस में घुसने की कोशिश की। पुलिस ने गेट पर ही उन्हें रोक लिया। प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों से हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। यूथ कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधींद्र मूंड ने कहा कि सात महीने की पर्ची सरकार ने लोगों को राहत नहीं दी है। उल्टा गरीबों का शोषण करके उनसे वसूली की जा रही है। अघोषित बिजली कटौती हो रही है, सुचारू रूप से पीने के पानी की व्यवस्था नहीं हो रही, बेलगाम अपराध बढ़ रहा है। राजस्थान की जनता 6 महीने में ही त्राहिमाम-त्राहिमाम करने लगी है। इन सब मुद्दों को लेकर हमने आगे की रणनीति तय की है। यूथ कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मोइजुद्दीन गुड्डू का कहना था कि केईडीएल कंपनी कोटा की जनता के साथ कुठाराघात कर रही है। स्मार्ट मीटर, वीसीआर योजना और सेटलमेंट के नाम पर आम जनता का शोषण किया जा रहा है। बिजली कंपनी जब मर्जी होती है लाइट काट देती है। शिकायत के नाम पर एक कॉल सेंटर बना रखा है। जहां पर जवाब देने वाला कोई नहीं है। आज हमने प्रदर्शन कर चेतावनी दी है, यदि केईडीएल ने हालात नहीं सुधार है तो वह दिन दूर नहीं जब केईडीएल के दफ्तर पर ताले लगा देंगे। अधिकारी बैठ नहीं पाएंगे। ऊर्जा मंत्री कोटा से ही आते है ऐसे में उनकी जिम्मेदारी बनती है कि कोटा की जनता को राहत दें।

छबड़ा मुस्लिम छात्रावास के विरूद्ध नगर पालिका अवैध कार्यवाही को रोकने के लिए अंजुमन इत्तेहाद ए बाहमी ने जिला कलक्टर बारां को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

अंता बारां (शफीक मंसूरी)। अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी जिला बारा के प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी के सदर अहतशाम उद्दीन सिद्दीकी की अध्यक्षता में अंजुमन इत्तेहाद ए बाहमी की शूरा कमेटी के सदस्यों ने जिला कलक्टर जिला बारां को एक ज्ञापन देकर मांग की गई कि छबड़ा मुस्लिम छात्रावास के विरूद्ध नगर पालिका छबड़ा, विधायक छबड़ा प्रताप सिंह सिंघवी के द्वारा विधानसभा में ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के दबाव में अवैध कार्यवाही रोकी जावे। यह छात्रावास मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से पिछले 23 वर्षों से काम कर रहा है और नगर पालिका छबड़ा द्वारा दिनांक 23.04.2020, 29.05.2006 व 11.01.2010 को प्रस्ताव पास कर खसरा संख्या 712 में से 90म100 का भूखण्ड मुस्लिम छात्रावास निर्माण हेतु प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। वरिष्ठ नगर नियोजक कोटा द्वारा दिनांक 01.12.2000 व 07.09.2007 को इस छात्रावास निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी छबड़ा ने भूमि आवंटन पेटे दिनांक 31.07.2001 को रसीद नंबर 242 के द्वारा दस हजार रूपये दिनांक 23.06.2010 को रसीद नंबर 2862 द्वारा चालीस हजार रूपये व नगर विकास कर के रूप में दिनांक 12.03.2024 को चव्वालीस हजार दो सौ अस्सी रूपये नगर पालिका छबड़ा में जमा करवाये गये हैं, विधायक कोष से तत्कालीन विधायक करण सिंह राठौर द्वारा दस लाख रूपये इस मुस्लिम छात्रावास के निर्माण हेतु स्वीकृत किये गये थे, इस राशि से नगर पालिका छबड़ा ने ही इस भूखण्ड पर 02 हॉल का निर्माण दिनांक 30.12.2013 को करवाया है। नगर पालिका छबड़ा द्वारा निदेशालय को दिनांक 12.06.2001, 11.08.2004, 10.06.2010 व 27.05.2013 को तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश की गई है। स्वायत्त शासन विभाग को भी नगर पालिका छबड़ा द्वारा दिनांक 11.08.2023 व 11.09.2023 को भूमि आवंटन नीति 2015 के तहत सभी सूचनाएं प्रेषित कर दी गई है। इसके बावजूद नगर पालिका छबड़ा ने इस छात्रावास को पक्षपात पूर्ण नीति अपनाते हुए राजनैतिक दबाव में इस छात्रावास को व्यवसायिक निर्माण बताकर इसे हटाने का नोटिस दिया है, जो पूर्णतया अवैध है। इस नोटिस को निरस्त करने के लिए यह ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन देने में अंजुमन इत्तेहाद ए बाहमी की शूरा कमेटी के सदस्य इफ्तिखार अहमद उर्फ बबलू भाई, डॉ. जाकिर, आबिद हुसैन अंसारी, नासिर मिर्जा, अशरफ देशवाली, शाहिद इकबाल भाटी, मा0 सय्यद अय्युब अली व हाजी इकबाल हुसैन थे।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बने

राष्ट्रपति ने शपथ दिलाई, 13 अन्य सदस्यों ने भी ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

ढाका(एजेंसी)। मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बन गए है। उन्हें गुरुवार रात 8 बजकर 50 मिनट पर राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने पद की शपथ दिलाई। 13 अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। अंतरिम सरकार में यूनुस के अलावा 16 सदस्य होंगे। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, शपथ समारोह में करीब 400 लोग शामिल हुए। भारत को भी न्योता मिला था, लेकिन किसी इस बारे में और ज्यादा जानकारी नहीं है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया है कि शेख हसीना का आगे का क्या प्लान है, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। आरक्षण आंदोलन हिंसक होने के बाद हसीना 5 अगस्त को ढाका छोड़कर दिल्ली आ गई थीं। दूसरी ओर बांग्लादेश में हिंसा और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच क्रूस्त्र ने भारत में घुसने की कोशिश कर रहे करीब 1500 बांग्लादेशियों को रोका है। इनमें से 1 हजार लोग बिहार और 500 लोग पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के रास्ते भारत आ रहे थे।

घुसपैठ को देखते हुए भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर BSF अलर्ट हो गई है। शपथ ग्रहण के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे यूनुस बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के शपथग्रहण के लिए मोहम्मद यूनुस राष्ट्रपति भवन पहुंच गए हैं।

स्टेट गेस्ट हाउस में रहेंगे चीफ एडवाइजर यूनुस

अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर बनने के बाद मोहम्मद यूनुस स्टेट गेस्ट हाउस जमुना में रहेंगे। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, हसीना के देश छोड़कर जाने के बाद प्रदर्शनकारी पीएम आवास गणभबन में घुस गए थे। उन्होंने यहां तोड़फोड़ की, जिसकी वजह से फिलहाल गणभबन रहने लायक नहीं है। लिहाजा स्टेट गेस्ट हाउस को चीफ एडवाइजर का आवास बनाया जा रहा है।

मेघालय बॉर्डर पर लगने वाले बाजार बंद रहेंगे

बांग्लादेश में जारी हिंसा और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच मेघायल की सरकार ने बॉर्डर पर लगने वाले बाजारों को बंद रखने का आदेश दिया है। सरकार ने कहा है जब तक हालात स्थिर नहीं हो जाते तब तक ये हाट तब तक नहीं लगेंगे।

हसीना की बेटी बोलीं- दुखी हूं मां को गले नहीं लगा सकती

बांग्लादेश छोड़ने और पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद शेख हसीना भारत में हैं। उन्हें सेफ हाउस में रखा गया है। इस बीच उनकी वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रीजनल डायरेक्टर और हसीना की बेटी बेटी साइमा वाजेद ने ट्वीट किया है। उन्हें लिखा है, दुखी हूं, मां को देख नहीं सकती, गले नहीं लगा सकती।

ढाका की सड़कों पर रहवासी रातभर पहरा दे रहे

बांग्लादेश की कई शहरों की सड़कों पर बुधवार को रातभर रहवासियों ने पहरा दिया। राजधानी ढाका में भी सड़कों पर पुलिस नदारद थी। उनकी जगह आम लोग हाथ में छड़ी लेकर पहरादारी कर रहे थे। इसके अलावा कुछ इलाकों में सैनिक भी तैनात नजर आए। दरअसल, बांग्लादेश में हिंसा के बाद से चोरी की वारदातें भी बढ़ गई हैं। इसके बाद लोग सोशल मीडिया पर मदद मांग रहे हैं। डेली स्टार के मुताबिक, ढाका के ECB छतर इलाके में कई चोर हाथ में चाकू और दूसरे हथियार लेकर घरों में घुसते नजर आए थे। इस दौरान सैनिकों ने आम नागरिकों की मदद से कई चोरों को हिरासत में लिया।

बांग्लादेश में है दुनिया का सबसे लंबा समुद्री तट, भारत के पड़ोसी के बारे में इंटेरेस्टिंग फैक्ट्स

जनसंख्या के आधार पर बांग्लादेश दुनिया का आठवां सबसे बड़ा देश है। दुनिया का सबसे लंबा प्राकृतिक समुद्री तट बांग्लादेश में ही है। यहां के 'कॉक्स बाजार बीच' को दुनिया का सबसे लंबा तट कहा जाता है।

स्वतंत्रता दिवस से रक्षाबंधन तक 4 छुट्टियां, प्लेन टिकट हुए महंगे

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। बारिश के साथ ही इस बार स्वतंत्रता दिवस से लेकर रक्षाबंधन तक चार सरकारी छुट्टियां मिल रही हैं। इसकी वजह से फ्लाइट्स की कीमतें बढ़ गई हैं। वहीं, ट्रेन में वेटिंग बढ़ गई है।

दरअसल, 15 अगस्त इस बार गुरुवार के दिन है। इस दिन सार्वजनिक अवकाश है। इसके बाद शुक्रवार वर्किंग डे है। जबकि शनिवार और संडे के दिन एक बार फिर अवकाश है। इसके साथ ही सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व है, इस दिन भी सार्वजनिक अवकाश है। इस बात को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों ने शुक्रवार का अवकाश ले लिया है। जो एक साथ पांच दिन की छुट्टी मनाने के लिए अपने घर जाने और घूमने का प्लान बना चुके हैं।

महाराष्ट्र-गुजरात से 831 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त

अहमदाबाद। गुजरात एटीएस ने महाराष्ट्र और गुजरात की दो दवा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से 831 करोड़ रुपए कीमत की लिक्विड ड्रग्स जब्त की है। एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि 5 और 6 अगस्त को दोनों जगहों से 4 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। एटीएस के अनुसार, महाराष्ट्र के ठाणे से 800 किलो मेफेड्रोन ड्रग लिक्विड फॉर्म जब्त किया गया, जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में कीमत 800 करोड़ रुपए के करीब है। वहीं गुजरात के भरूच जिले में एक दवा फैक्ट्री में भी कार्रवाई के दौरान 31 करोड़ रुपए कीमत की लिक्विड ट्रामाडोल जब्त की गई है।

जयपुर में चोरों के पास मिले 30 लाख के मोबाइल

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर जीआरपी ने अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गैंग के मास्टरमाइंड सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से चोरी के 30 लाख रुपए कीमत के मोबाइल जब्त किए हैं। चोरी के इकट्ठा मोबाइल को गैंग के बदमाश डिमांड पर दिल्ली-बिहार में बेचते थे। जीआरपी थाना पुलिस फिलहाल गिरफ्तार गैंग के बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

वैभव गहलोत की कार्यकारिणी में रहे तीन पर केस दर्ज

वनडे, आईपीएल, आरपीएल मैचों में घोटाला; कैटरिंग का काम करने वाली फर्म को बिल्डिंग बनाने का काम दिया

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) एडहॉक कमेटी ने वैभव गहलोत की अध्यक्षता वाली पूर्व कार्यकारिणी के तीन सदस्यों के खिलाफ आज ज्योति नगर थाने में केस दर्ज करवाया। इनमें पूर्व सचिव भवानी सामोता, कोषाध्यक्ष रामपाल शर्मा और संयुक्त सचिव राजेश भड़ाना के नाम शामिल है। इनमें स्टेडियम के निर्माण से लेकर वनडे, आईपीएल, आरपीएल मैच के दौरान घोटाले भी शामिल है।

जिस फर्म का जीएसटी नंबर तक जनरेट नहीं था। उसे नियमों के विपरीत जाकर करोड़ों रुपए के ठेके दे दिए गए। जो फर्म कैटरिंग का काम कर रही थी। उसे बिल्डिंग निर्माण का काम दे दिया। इस तरह तमाम नियमों को ताक में रखकर पूर्व पदाधिकारी ने जमकर घोटाले किए थे। कमेटी ने 363 पेज की जांच रिपोर्ट पुलिस को सौंपी। भाजपा विधायक और एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहानी ने बताया- पूर्व सचिव सामोता, कोषाध्यक्ष शर्मा और संयुक्त सचिव भड़ाना ने सभी डॉक्युमेंट पर साइन किए थे। हमारी जांच में इन्हीं तीन लोगों के खिलाफ पुख्ता सबूत मिले हैं। ऐसे में अब पुलिस को जांच कर यह पता लगाना होगा कि आखिर पूर्व कार्यकारिणी के इन पदाधिकारियों ने किसके कहने पर यह घोटाले किए थे।

बीजेपी में शामिल रामपाल शर्मा के खिलाफ भी हुई एफआईआर

बिहानी ने कहा- भले ही रामपाल शर्मा भाजपा में आ गए हो। इसका मतलब यह नहीं है कि वह भ्रष्टाचार करेंगे और बीजेपी में आकर बच जाएंगे। अगर उन्होंने क्रिकेट और खिलाड़ियों के साथ भ्रष्टाचार किया है तो उनके खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बिहानी ने कहा- आरसीए की पूर्व कार्यकारिणी के दौरान हुई फैसलों की जांच करवाई गई थी। इसमें कई घोटाले और अनियमिताएं सामने आई हैं। इनमें स्टेडियम के निर्माण से लेकर आईपीएल मैच के दौरान घोटाले भी शामिल है। इसी शिकायत को दर्ज कराने के लिए आज हम जयपुर के ज्योति नगर थाने में पहुंचे।

सख्त कार्रवाई की जाए

उन्होंने कहा कि इससे पहले हमने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को पूर्व कार्यकारिणी के वक्त हुए घोटाले की रिपोर्ट सौंप दी थी। वह भी चाहते हैं कि क्रिकेट और खिलाड़ियों की भलाई के लिए हर संभव काम किया जाए। इसके साथ ही जिन लोगों ने खिलाड़ियों और क्रिकेट में गड़बड़ घोटाले किए हैं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन

80 की उम्र में आखिरी सांस ली; पद्म भूषण सम्मान लेने से इनकार किया था

बढ़ता राजस्थान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और सीपीआई (एम) नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य का गुरुवार (8 अगस्त) को निधन हो गया। पूर्व सीएम ने 80 साल की उम्र में कोलकाता स्थित घर पर अंतिम सांस ली। बुद्धदेव बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे। उन्हें सांस लेने में भी दिक्कत थी। पिछले कुछ समय से उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। पिछले साल उन्हें निमोनिया भी हुआ था। लाइफ सपोर्ट पर रहने के बाद वे ठीक हो गए थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी मीरा और बेटी सुचेतना हैं। भट्टाचार्य ने सीपीआई (एम) की सरकार में 2000 से 2011 तक, 11 साल बंगाल सीएम का पद संभाला। 1977 से 2000 तक ज्योति बसु के नेतृत्व में सीपीआई (एम) की सरकार थी। लगातार 34 साल सत्ता में रहने के बाद 2011 में तृणमूल कांग्रेस ने कम्युनिस्ट पार्टी को सत्ता से हटाया था। बुद्धदेव को पश्चिम बंगाल की औद्योगिक क्रांति के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2022 में पद्म भूषण लेने से इनकार कर दिया था। वे अपनी साधारण जीवनशैली के लिए जाने जाते थे। वे अब तक पाम एवेन्यू के उस दो बेडएम म वाले फ्लैट में ही रह रहे थे, जहां से वह कभी राज्य चलाते थे।

राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने ङ्क पर पोस्ट के जरिए बुद्धदेव भट्टाचार्य के देहांत पर दुख जताया। बाद में ममता ने मीडिया से कहा, राज्य सरकार ने आज छुट्टी की घोषणा की है। बुद्धदेव भट्टाचार्य का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मैं भट्टाचार्य से सिंगूर आंदोलन के बाद गोपालकृष्ण गांधी की मौजूदगी में उनसे मिली थी। मुझे आज भी वो दिन याद है।

कोलकाता में हुआ था भट्टाचार्य का जन्म

बुद्धदेव भट्टाचार्य का जन्म 1 मार्च 1944 को उत्तरी कोलकाता में एक बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके दादा कृष्णचंद्र स्मृतितीर्थ वर्तमान बांग्लादेश के मदारीपुर जिले के रहने वाले थे। वे संस्कृत स्कॉलर, पुजारी और लेखक भी थे। उन्होंने पुरोहित दर्पण नाम से एक पुरोहित मैनुअल की रचना की थी जो पश्चिम बंगाल में बंगाली हिंदू पुजारियों के बीच आज भी लोकप्रिय है। बुद्धदेव के पिता नेपालचंद्र ने पारिवारिक प्रकाशन सारस्वत लाइब्रेरी से जुड़े थे। बुद्धदेव भट्टाचार्य की शुरुआती पढ़ाई कोलकाता के ही शैलेन्द्र सरकार स्कूल से हुई थी। इसके बाद उन्होंने यहीं के प्रेसीडेंसी कॉलेज से बंगाली साहित्य में बीए ऑनर्स की डिग्री हासिल की थी। इसके बाद वे सरकारी स्कूल में शिक्षक बन गए थे।

धौलपुर में मकान की दीवार ढही, महिला की मौत : जयपुर में 3 घंटे से लगातार बारिश

भरतपुर के नदबई में अंडरपास में डूबी कार-जेसीबी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में मौसम केंद्र ने तेज बारिश का दौर आज से थमने की घोषणा की है, लेकिन जयपुर सहित पांच जिलों में रुक-रुककर बारिश हो रही है।

धौलपुर में बारिश के कारण एक मकान की दीवार ढह गई। इसमें दबने से एक महिला की मौत हो गई। बुधवार देर रात से ही दौसा, करौली, भरतपुर में भी बारिश हो रही है।

वहीं, जयपुर में भी बीते तीन घंटे से बरसात का दौर जारी है। भरतपुर के नदबई में खांगरी फाटक के पास अंडरपास में पानी भर जाने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, कार और जेसीबी डूब गई। कार ड्राइवर को लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि ट्रैक्टर सवार लोग खुद ही बाहर आ गए। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 9 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, अजमेर के अलावा उत्तरी राजस्थान के बीकानेर संभाग में आने वाले दिनों में मानसून एक्टिव रहेगा। वहीं, पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर संभाग में अगले दो दिन मानसून कमजोर रहेगा।

नाले में चली गई बाइक, महिला नीचे-कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बहरोड़ में पुलिस थाने के पीछे मानपुरा मोहल्ले में पानी भरा होने के कारण एक बाइक नाले में चली गई। इस दौरान बाइक पर पीछे बैठी महिला नीचे गिर गई। आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और सही रास्ता बताया। हादसे के कारण बाइक चला रहा युवक, युवती और महिला घबरा गए।

नदबई में अंडरपास में डूबी जेसीबी और कार-भरतपुर के नदबई में खांगरी फाटक के पास अंडरपास में पानी भर जाने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, कार और जेसीबी डूब गई। कार ड्राइवर को लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि ट्रैक्टर सवार लोग खुद ही बाहर आ गए। अंडरपास में पानी भरने की सूचना मिलने के बाद नगर पालिका की टीम पानी निकासी की व्यवस्था करने के लिए पहुंची, लेकिन जेसीबी पानी में डूब गई।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

वायनाड लैंडस्लाइड में 138 लोग अब भी लापता

10वें दिन रेस्क्यू जारी; पीएम मोदी 10 अगस्त को पीड़ितों से मिलेंगे; राहुल-प्रियंका मिल चुके

बढ़ता राजस्थान

वायनाड (एजेंसी)। केरल के वायनाड में 29 जुलाई की देर रात हुए लैंडस्लाइड में अब भी 138 लोग अब भी लापता हैं। गुरुवार (8 अगस्त) को लगातार 10वें दिन रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे में अब तक 413 लोगों की मौत हुई है।

मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार (10 अगस्त) को पीड़ितों से मिलने वायनाड जाएंगे। प्रधानमंत्री की स्पेशल फ्लाइट कन्नूर में उतरेगी। कन्नूर से पीएम हेलिकॉप्टर से लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद वह रिलीफ कैंप्स में पीड़ितों से मिलेंगे, जहां 10 हजार से ज्यादा लोग शरण लिए हुए हैं। मोदी के दौरे को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

हालांकि, कहा जा रहा है कि पीएम के दौरे के बाद वायनाड लैंडस्लाइड को राष्ट्रीय आपदा (लेवल-3 डिजास्टर) घोषित किया जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार (7 अगस्त) को लोकसभा में इसकी मांग की थी।

राहुल-प्रियंका 1 अगस्त को वायनाड गए थे

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी 1 अगस्त को वायनाड पहुंची थीं। यहां उन्होंने 2 दिन तक पीड़ितों से मुलाकात की। साथ ही दिल्ली में वायनाड लैंडस्लाइड का मुद्दा उठाने की बात कही थी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)